माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 162, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



## बजट 2024



### लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

# आस का बजट



*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।*

## टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं नौकरीपेशा को कोई फायदा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। सीतारमण ने कहा, 'हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है और इस पर आगे बढ़ रहे हैं।

**11.11** लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

**5.1%** रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

**4.5%** पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य



गुरुवार को नई दिल्ली में अंतरिम बजट 2024 पेश करने से पहले वित्त मंत्रालय के बाहर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए। ● एजेंसी

### ये बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

*"इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।"*


*– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*

## आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव





**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।

**पुरानी व्यवस्था के तहत कर दर** (रुपये में)




**नई व्यवस्था के तहत कर दर** (रुपये में)




### फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया

अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा

सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

### सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट



2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

## वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

**उम्मीद** मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

## अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

### वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



### आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में



अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

**लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज**

# अंतरिम बजटः जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

## बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि ''पी'' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।




बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विस्तृत जानकारी देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

# सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

▶▶ **अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण**

**अमृत विचारः** संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

# चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान**

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए, 30.68 प्रतिशत वेतन भत्तों और 22.72 प्रतिशत रक्षा पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

# बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बड़ा दायरा

**शिमला, एजेंसी।** केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता का विषय यह है कि उनके मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है।



▶▶ **केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंतरिम बजट पर दी प्रतिक्रिया**

भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत के आगे बढ़ने के साथ-साथ भारत की प्रतिष्ठा विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सभी बातों के लिए श्रेय जाता है तो देश के प्रधानमंत्री को जाता है।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजटः योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

## दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

▶▶ **वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना**

## बजट पर अपनी-अपनी राय

### मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है बजट भाषण : अमित शाह



केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार।

### अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति : धर्मेंद्र प्रधान



निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा।

### अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं : खरगे



मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है।

### अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा



वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

### केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : नीतीश



इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है।

### बजट जमीनी वास्तविकता से दूरः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट



महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **–स्मिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

## बजट में किसान

# कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।



**कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...**

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

# राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**

**विश्लेषण**

- **किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली**

**अमृत विचारः** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।


**पर्यटन को लगेंगे पंख** | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

# लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।



निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

**घरेली द्वीप समूहों के विकास पर जोर**

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 162, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 14
कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 13




## एक नजर

### पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

### संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 3 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

### आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

# हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

## ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।



कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

### चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया जिसपर राज्यपाल ने कहा कि वह जल्द विचार कर सूचित करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को समय मिलने के बाद आज चंपई सोरेन के साथ चार अन्य विधायक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन से बाहर निकलकर सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल ने कहा कि जल्द विचार कर सूचित करेंगे। कहा कि हमारे पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 43 विधायकों का समर्थन हमने राज्यपाल को सौंपा है। यह संख्या शुक्रवार तक 47 हो जाएगी। विधायक प्रदीप यादव ने बताया कि राज्यपाल ने कहा कि मैं विधि-विशेषज्ञों से राय ले रहा हूं और जल्दी ही बुलावा भेजूंगा।

### झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।

**ज्ञानवापी मामला**



व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

### खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

# रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।




- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

# वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।




- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

# बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

चेन्नई, एजेंसी

- ईडी ने उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के कार्यालयों में की छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।



उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

# कोर्ट ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की आयु

**मुरादाबाद।** आखिरकार सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने लंबी सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू-क्वीन मैरी अस्पताल) और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है।

**अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा**

# उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।



- सात न्यायाधीशों की पीठ ने 8 दिन तक सुनीं प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें

# योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।



राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

- राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण
- 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

# शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला

**अमृत विचार :** शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।



# मड़फा के पंचमुखी शिव मंदिर में लगा भंडारा


आस्था

▸▸ प्रसाद पाने के लिए लगी आस्थावानों की भीड़

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)


आयोजक अनिल पटेल।

**अमृत विचार :** भरतकूप क्षेत्र में स्थित मड़फा मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं का रेला लगा। अवसर था, यहां भंडारे का। एक किराना व्यापारी की अगुवाई में हुए इस भंडारे में जिला ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के आस्थावानों ने प्रसाद ग्रहण किया।


मड़फा मंदिर में स्थापित शिवजी की पंचमुखी प्रतिमा। अमृत विचार

रसिन गांव के पास मड़फा पहाड़ में स्थित प्राचीन मड़फा मंदिर की अपनी मान्यता है। पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित इस प्राचीन मंदिर में पंचमुखी शिवजी की दुर्लभ प्रतिमा है। कई सौ सीढ़ियां चढ़ने के बाद यहां शंकर भगवान की प्रतिमा के दर्शन होते हैं। यहां बिजली तो आ गई पर अभी भी कई किमी दूर से श्रद्धालुओं को पानी लाना पड़ता है। इसी प्राचीन मंदिर के नीचे भंडारे का आयोजन किया गया था। इसमें सुबह से लेकर देर शाम तक आस्थावानों का तांता लगा रहा। पूरे मैदान में जहां तक नजर जाती, लोग भंडारे में बैठे नजर आ रहे थे। कई स्थानों पर कड़ाहों से पूरियां निकाली जा रही थीं तो कई भगौनों में सब्जी बन रही थी। ट्रैक्टरों में बूंदी का प्रसाद रखा था। आयोजकों ने बताया कि उनको खुद नहीं मालूम कि कितने क्विंटल आटे की पूरियां बन गईं और कितनी सब्जी। मंच के एक ओर पंडाल में भजन कीर्तन भी चल रहा था।


भजन प्रस्तुत करती गायिका।

### विदुर जी ने किया था यहां पश्चाताप

बुजुर्ग बताते हैं कि मान्यता है कि यहां महाभारत के युद्ध में भीषण रक्तपात से विदुर जी विचलित हो गए थे। इस पर उनको ऋषियों ने पश्चाताप करने को कहा था। उन्होंने इसी स्थान पर आकर पंचमुखी शिव प्रतिमा की पूजा आराधना की थी। यह भी मान्यता है कि यह स्थल पांडव की तपोस्थली थी।


पहाड़ के नीचे लगी आस्थावानों की भीड़। अमृत विचार


ट्रैक्टरों में आया बूंदी का प्रसाद। अमृत विचार


श्रद्धालुओं को टीका लगाते आयोजक। अमृत विचार

### वातावरण भक्तिमय

पहाड़ के नीचे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से वातावरण भक्ति से ओतप्रोत रहा। कोई ट्रैक्टर से पहुंचा तो कोई बाइक से या अपने अन्य निजी वाहन से। हजारों लोग पैदल भंडारे में पहुंचे। हर आने वाले श्रद्धालु को आयोजक हल्दी-चंदन का टीका लगा रहे थे।

### क्षेत्र की खुशहाली की कामना

बघेलाबारी ( बांदा) में किराने की दुकान किए अनिल पटेल ने इस भव्य भंडारे की अगुवाई की। अनिल ने बताया कि भगवान शिव की प्रेरणा से उन्होंने सन् 2019 में लोगों के सहयोग से मंदिर की सीढ़ियों का निर्माण कराया था। बताया कि उनके इस महायज्ञ के पीछे क्षेत्र की खुशहाली की कामना है।

### हर पांच साल में करेंगे भंडारा

अनिल बताते हैं कि पहली बार 2019 में हुए भंडारे में लगभग 110 गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया था। इसके बाद अगले साल हुए भंडारे में 201 गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ी। बताया कि उन्होंने संकल्प लिया है कि ईश्वर ने चाहा तो वह हर पांच साल में यह भंडारा करेंगे। इस बार के भंडारे में लगभग 251 गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया।


भजन-कीर्तन के पांडाल के आगे बैठे श्रद्धालु। अमृत विचार

# साढ़े तीन लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीडीओ ने की शुरुआत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में साढ़े तीन लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य है। प्राथमिक विद्यालय बनाड़ी में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की। सीडीओ और सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी की मौजूदगी में 73 बच्चों को डिवार्मिंग की दवा खिलाई गई।


प्राथमिक विद्यालय बनाड़ी में बच्ची को दवा खिलाते मुख्य विकास अधिकारी।




सीएमओ ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी। सीडीओ ने बताया कि बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए डिवार्मिंग की दवा बहुत जरूरी है। छह माह के अंतराल में यह दवा सभी को खानी चाहिए। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आरसीएच डा. एमके जतारया, डीपीएम आरके करवरिया, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, सीडीपीओ शहर बच्चू लाल गुप्ता, प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार, बीसीपीएम रोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**निःशुल्क खिलाई जाएगी गोली :** सीएमओ ने बताया कि एक से 19 साल तक के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को यह दवा खिलाई जानी है। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा निःशुल्क उपलब्ध करा दी गई है। गैर पंजीकृत और स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी यह दवा नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलाई जाएगी।

### क्या है एल्बेंडाजाल

इसे एल्बेंडाजोलम नाम से भी जाना जाता है। चिकित्सकों के मुताबिक यह दवा संक्रमण फैलाने वाले परजीवियों को मारकर और उनकी वृद्धि रोकने का काम करती है। यह दवा विभिन्न प्रकार के परजीवीकृमियों के संक्रमण के उपचार के लिए प्रयोग में आती है।

# बिजली की आवाजाही से आक्रोश

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** तुलसीतीर्थ में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली से लोग परेशान हैं। इनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। गेहूं की फसल की सिंचाई नही हो पा रही, जिससे किसानों में भी आक्रोश है।


अपनी बारी का इंतजार करते लोग। अमृत विचार

राजापुर के लोगों ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा शासन की मंशा की अनदेखी की जा रही है। किसानों में हाहाकार मचा हुआ है और जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। समाजसेवी सुनील मिश्रा, सभासद शंकर दयाल जायसवाल, गजराज वर्मा, तरणि शुक्ला, देवगुलाम वर्मा, रमन मोदनवाल आदि ने बताया कि लो वोल्टेज और बिजली की आवाजाही से लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। नदी के प्रदूषित पानी को पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। नलों से जलापूर्ति होती है तो वह भी नाममात्र। आरोप लगाया कि विद्युत वितरण उपखंड राजापुर के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार राजापुर में न रहकर कर्वी मुख्यालय में आवास बना लिए हैं। इससे कर्मचारी भी लापरवाह हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि दो दिन से वाल्व खराब होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पाई है। बिजली कटौती के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पाते। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति धड़ाम हो गई है। कई दिन बीत जाने के बाद भी चार नलकूपों माधवगंज, छीबों रोड, खटवारा रोड, मझगवाँ के नलकूपों से पानी न चढ़ने से दिक्कत है। सुबह से ही देर रात तक हैंडपंपों के पास भीड़ जुटी रहती है। अक्सर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जब इस संबंध में उप खंड अधिकारी डीके सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनका जवाब भी टरकाऊ था। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई समस्या ही नहीं है। सब कुछ ठीक है।

### बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, दो घायल

**चित्रकूट, अमृत विचार :** गुरुवार को हाईवे पर खोह के पास बाइक को कार ने टक्कर मार दी। बाइक सवार सपहा निवासी संदीप और मऊ निवासी अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गए। संदीप को प्रयागराज रेफर किया गया है।

# पानी न छिड़कने से उड़ रही धूल से बच्चे परेशान


ट्रक से उड़ती धूल। अमृत विचार

**पौथिया (हमीरपुर), अमृत विचार :** ट्रक चलने पर उड़ने वाली धूल की गुब्बार से स्कूली बच्चे परेशान हैं। अभिभावकों ने रास्ते में पानी का छिड़काव कराने की मांग खदान संचालक से की है। बेतवा नदी किनारे सहुरापुर गांव से चलने वाली मौरंग खदान में आने जाने वाले ट्रकों का आवागमन रहता है। सिकरी श्रम से सहुरापुर गांव को जाने वाली करीब दो किमी सड़क जर्जर हो चुकी है। वहीं ठेकेदार ने सड़क पर मिट्टी बजरा डालकर रास्ता बनाया है। लेकिन रास्ते में पानी का छिड़काव न कराए जाने से धूल उड़ती है। गांव से दूसरे गांवों पौथिया उजनेड़ी पढ़ने जाने वाले स्कूली बच्चों को ट्रकों से उड़ती धूल का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी अजय, रामबिहारी, कल्लू सिंह, लाखन सिंह, राम सिंह, राम बहादुर आदि ने पानी का छिड़काव कराने की मांग की है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार:** मवई कला गांव की एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे रंजना (15) पुत्री नत्थूलाल को उसके परिजनों ने बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि वह किसी बात को लेकर घर में परिजनों से नाराज हो गई और फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आग को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** धुस मैदान स्थित उप निबंधक कार्यालय में लगी आग को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई तरह की बातें हवा में तैर रही हैं। हालांकि यहां कामकाज धीरे धीरे पटरी पर आ तो रहा है पर अभी भी यह बात ज्यादातर लोगों के गले नहीं उतर रही कि आखिर चोरों ने कुछ न पाने पर आग क्यों लगाई और उससे कागजात और कंप्यूटर जैसी महत्वपूर्ण चीजें ही क्यों जलीं।

24 जनवरी की सुबह पुरानी कोतवाली परिसर, मराठाकालीन इमारत के एक हिस्से में स्थित रजिस्ट्री आफिस में आग लगने से कागजात, कंप्यूटर आदि जलकर राख हो गए थे। तब यह बताया गया था कि चोर यहां हाथ साफ करने आए थे और माल हाथ न लगने की खुन्नस में आग लगा दी। तब कुछ लोगों ने नाम छिपाते हुए यह भी बताया था कि कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी गायब हैं। पुलिस ने भी प्रथमदृष्ट्या दस्तावेज गायब होने की बात सामने आने की बात कही थी। यह भी नाम छिपाते हुए बताया था कि पता चला है कि कई दस्तावेज ऐसे भी थे, जिनको संबंधित वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया था। फोरेंसिक टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी हाथ लगी हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो कुछ विशेष सालों के कागजात ही आग से नष्ट हुए हैं। बैनामे और वसीयत के कागजात गायब होने की भी चर्चा फैल रही है। बहरहाल, पूरे मामले में गहन जांच की आवश्यकता है, जिससे यह साबित हो कि आग चोरों ने लगाई या किसी साजिश के तहत ऐसा किया गया। इस संबंध में विभागीय लोगों की चुप्पी भी मामले को रहस्यमय बनाने में भूमिका निभा रही है।

## सार-संक्षेप

### चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत


प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी में बुनियादी भाषा और गणित विषय पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। बीईओ एनपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मुहैया कराएं, जिससे उनका शैक्षिक और बौद्धिक स्तर मजबूत हो सके। बताया कि 104 प्राइमरी व 19 कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को यह प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण शिक्षक परामर्शदाता रामभरोसा यादव, संदीप सिंह, छोटा प्रसाद, सुशील राणा दे रहे हैं।

### 115 वाहनों का 3,59 हजार का ई-चालान


ट्रैक्टर में टेप लगाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने शहर में गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया। ट्रैफिक चौराहे, बेड़ी पुलिया, चकरेही चौराहा, गल्ला मंडी, पटेल तिराहे आदि जगहों पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों की चेकिंग की। 115 वाहनों का 3 लाख 59 हजार रुपये का ई-चालान किया गया। इस दौरान कृषि वाहनों में निशुल्क रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप लगाया गया।

### जुआ खेलने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार :** एसआई इंद्रजीत गौतम ने सुशील कुमार त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, रमेश निवासी अहिरी को जुआ खेलने के आरोप में पकड़ा। मालफड़ से पांच हजार और जामा तलाशी से एक हजार रुपये बरामद किए गए। आरोपियों पर जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी राहुल पांडेय और प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। दो आरोपियों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया। 29 नवंबर को मिथिलेश पत्नी रामकृष्ण निवासी कोपा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर में रखे जेवर व नकदी किसी ने चुरा ली। एआई कृपानंदन शर्मा ने गुरुवार को सोनू व धीरेंद्र सिंह उर्फ नानदादू निवासी कोपा को चेन और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। इसे चार हजार रुपये भी बरामद हुए। टीम में आरक्षी मनीष यादव और अनुज दुबे शामिल रहे।

### ट्रेनों का संचालन कराने की मांग

**चित्रकूट, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने रेल मंत्री और विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन का पुन: संचालन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने जबलपुर से समय परिवर्तन कर इसे देर रात्रि चलाने की मांग की है। उन्होंने चित्रकूट धाम से धार्मिक स्थानों के लिए ट्रेनें चलाने की भी आवश्यकता बताई।

### पीस कमेटी की बैठक में हुई चर्चा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** आगामी पर्वों के मद्देनजर गुरुवार को कोतवाली में अपर जिला मजिस्ट्रेट वंदिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने अधिकारियों और पीस कमेटी की बैठक की। एसडीएम सौरभ यादव एवं क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय ने भी लोगों से त्यौहारों को भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय, अपराध निरीक्षक आशुतोष तिवारी, पीस कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

### गुसियारी ने भैंसमरी को हराकर ट्रॉफी किया कब्जा

**मौदहा (हमीरपुर), अमृत विचार :** स्व .विजय पाल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट भैंसमरी में हुए फाइनल मुकाबले में गुसियारी की क्रिकेट टीम ने भैंसमरी को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाजपा नेता दलजीत सिंह रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ। मैच में निर्धारित 16 ओवर में गुसियारी की टीम ने 171 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भैंसमरी की टीम ने 11 ओवर में सभी विकेट गवां कर आल आउट हो गई। यह मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे।


विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि।

# विपक्षियों के निशाने पर रहा मोदी सरकार का अंतरिम बजट

रखी राय

▸▸ भाजपाई बोले- चुनावी वर्ष में भी लाए विकासपरक बजट

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** मोदी सरकार की दूसरी पारी का अंतिम बजट विपक्षियों के निशाने पर रहा। इन नेताओं का कहना था कि सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों का ध्यान दिया है। सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने कहा कि चुनावी साल होने के बाद भी भाजपा सरकार ने विकासपरक बजट पेश कर मिसाल कायम की है।

इस सरकार का अंतिम बजट होने की वजह से नेताओं के साथ आम आदमी की इस पर नजर थी। इस पर पक्ष और विपक्ष दोनों ओर के नेताओं की प्रतिक्रिया अपेक्षित ही रही। पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा। किसान नेताओं ने भी बजट पर निराशा जताई।




### आधी आबादी का रखा विशेष ख्याल: चंद्रप्रकाश



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि चुनावी वर्ष होने के बाद भी सरकार ने विकासपरक बजट पेश कर मिसाल कायम की है। इसमें देश की आधी आबादी यानी महिलाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। गरीबों के लिए आवास योजना के तहत विशेष घोषणाएं की गई हैं। कुल मिलाकर इस बार भी भाजपा ने साबित किया कि वही देश में पारदर्शी और अच्छी सरकार चला सकती है।

### हर वर्ग का रखा गया ख्याल



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने बजट की जमकर सराहना की। कहा कि यह सरकार के सबसे अच्छे बजटों में से एक है। इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। भाजपा सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि उसके लिए गरीब ही सब कुछ है और वह इसी वर्ग के लिए अपनी नीतियां बनाती है। आलोचना करने वाले अपने गिरेबान में झांकें।

### बजट पर खेला, किसानों को मिला ढेला : देवेंद्र सिंह



भारतीय किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कटाक्ष किया कि बजट पर खेला किसानों को फिर मिला ढेला। उन्होंने सवाल किया कि इस तरह से किसानों की आय कैसे दोगुनी होगी। कृषि लागत बढ़ती जा रही है इस पर बजट में कुछ भी नहीं। उनकी नजर में यह बजट उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है।

### कॉरपोरेट के लिए बनाया गया बजट : अमित



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि सरकार ने पांच किलो अनाज यानी 141 रुपये की मदद देकर गरीबों से महंगाई के जरिए 250 रुपये महीना उनकी जेब से चुराया है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 117वें स्थान पर पहुंच गया है। सरकार भ्रामक आंकड़े देकर गरीबों का मजाक उड़ा रही है।

### सरकार ने गरीबों का मजाक उड़ाया: रुद्र प्रसाद



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्रप्रसाद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि महंगाई पर बाजार आंकड़े नीतियों की पोल खोल रहे हैं। चावल, दाल, आटा, चीनी, दूध, मसाले, प्याज, टमाटर, आलू के दामों में वृद्धि हुई है। सवाल किया कि 25 करोड़ लोग आमदनी बढ़े बिना ही गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए? सरकार ने गरीबों का मजाक उड़ाया है।

### किसी काम का नहीं है बजट: रंजना



कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजना बरातीलाल पांडेय ने कहा कि यह किसी काम का बजट नहीं है। इसमें महिलाओं का कोई ध्यान नहीं दिया गया है। सरकार हर मोर्चे पर विफल है। बजट भी इसी बात की पुष्टि करता है कि बताने के लिए कुछ नहीं।

### विकास को कम, चुनाव के लिए ज्यादा



जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने भी बजट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह विकास के लिए कम, चुनाव का ध्यान रखने के लिए ज्यादा है। सिर्फ चुनाव का लाभ लेने के लिए सरकार ने बजट पेश किया है, जनता के लिए नहीं।

### उद्योगपतियों की सेहत का ध्यान रखा



सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने चंद बड़े उद्योगपतियों के व्यापार की सेहत का विशेष ध्यान रखा है। गरीब, किसान, मजदूर व महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार के लिए कोई ध्यान नहीं दिया।

## एक नजर

### पीएम आवास आवंटन में दोषी पाये गये सर्वेयर की सेवा समाप्त

**बांदा,अमृत विचार :** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका क्षेत्र अतर्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को आवास आवंटन के लिए सर्वे कार्य में अवैध वसूली किये जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी अतर्रा से इस मामले की जांच कराई गई। उप जिलाधिकारी अतर्रा ने प्रकरण की जांच में कतिपय लाभार्थियों से डूडा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत संस्था हाइटेक बिल्डर्स के सर्वेयर पंकज यादव के द्वारा अवैध लेन-देन में दोषी पाये गये, जिस पर संबंधित संस्था को उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। हाईटेक कम्पनी के पंकज यादव की तत्काल प्रभाव से सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से सम्बन्धित कोई भी कार्य इनके द्वारा अब नहीं किया जा रहा है। लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि इनसे किसी प्रकार का कार्य न करायें।

### कलेक्ट्रेट सभागार में 5 को जिला सैनिक बंधु की बैठक

**बांदा :** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन आईएन अजय कुमार कंवर ने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को अवगत कराया है कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 फरवरी को अपराह्न 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और सेवारत सैनिकों से अनुरोध किया गया है कि शिकायतों के निस्तारण के लिए अपने प्रार्थनापत्र तीन प्रतियों में 2 फरवरी को सायं 5 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित 5 फरवरी को अपराह्न 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत करायें और बैठक में समय से भाग लेना सुनिश्चित करें।

### मरीजों को बांटे कंबल

**हमीरपुर।** कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन की ओर से ज़िला महिला चिकित्सालय में मरीजों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ.फौज़िया अंजुम नोमानी, डॉ.सादिया बानो, रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष/संस्थापक ज़िरगाम सिद्दीकी एवं ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी अनिल यादव ने कंबल बांटकर किया। इस मौके पर डॉ.आशुतोष मिश्रा, डॉ.केएस मिश्रा, राधा चौरसिया (स्टाफ नर्स), मो. तौसीफ, सोहेल सिद्दीकी, कुलदीप अहिरवार इत्यादि रहे।

# अंतरिम बजट: एक वर्ग बोला आशावादी तो दूसरा वर्ग इसे चुनावी बता रहा




**▸▸ केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर आम आदमी की मिलीजुली प्रतिक्रिया**

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर


अभिलाषा त्रिपाठी।

मोदी सरकार ने अपने अंतरिम बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहयिका को आयुष्मान भारत का लाभ दिए जाने की बात कही है। इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ओर सहायिकाओं में खुशी की लहर है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिलाषा त्रिपाठी का कहना है कि महंगाई की अपेक्षा उनकी आय बेहद कम है। आय का कोई दूसरा जरिया भी न होने से किसी भी तरह से गुजारा संभव नहीं हो पा रहा। उस पर मेडिकल का खर्च भारी पड़ रहा है। सरकार की इस घोषणा से उनका सीधा लाभ होगा, क्योंकि आज के समय पर गंभीर बीमारियों का इतना ज्यादा प्रकोप है कि घर का कोई न कोई सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित है। ऐसे में जब मेडिकल का लाखों में खर्च आता है तो उनकी तरह की आय वालों को अपनी रिहायशी जमीन, जेवर या खेत बेचना पड़ जाता है। सरकार के इस कदम से उनके परिवारों पर मेडिकल का अतिरिक्त बोझ कुछ कम होगा। सरकार के इस प्रावधान से 1588 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समेत, 117 मिनी आंगनबाड़ी और 1588 सहायिकाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा जनपद में कार्यरत सभी आशा बहू भी इस योजना से लाभान्वित होंगी।

### अंतरिम बजट में आंकड़ेबाजी का खेल


राष्ट्रीय महासचिव सपा विशंभर प्रसाद निषाद।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद ने अंतरिम बजट को भाजपा का चुनावी बजट करारे देते हुए इसे झूठ का पुलिंदा और आंकड़ों का मकड़जाल बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। जिसमें कॉरपोरेट टैक्स में छूट दी गई है किसानों,गरीबो के लिए कोई ब्यवस्था नही की गई, किसानो की ऋण माफी फ्री दवा पढ़ाई की कोई इस बजट में न तो बेरोजगारों के लिए कोई रोजगार का प्रावधान है और न ही पेंशन बहाली के लिए ही कोई प्रस्ताव है। यह सिर्फ आंकडेबाजी का बजट है।

### अंतरिम बजट व्यापारियों के लिए आशाजनक व राहत भरा


मयंक गुप्ता।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमुख व्यापारी नेता मयंक गुप्ता सर्राफ नें केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने वर्षों से लंबित बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने का फैसला किया है। वर्ष 1962 से जितने पुराने करों से जुड़े विवादित मामले चले आ रहे हैं। उसके साथ वर्ष 2009-10 तक लंबित रहे। प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 25 हजार रुपये तक के विवादित मामलों को वापस लिया जाएगा। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 10 हजार रुपये तक के मामलों को वापस लिया जाएगा। इससे कम से कम 1 करोड़ व्यापारियों को फायदा होगा। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के साथ-साथ इम्पोर्ट ड्यूटी के लिए भी समान दरों को बरकरार रखा गया है। स्टार्टअप्स और सॉवरेन वेल्थ व पेंशन फंड्स में निवेश करने वालों को टैक्स सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व की सरकारों में व्यापारियों को आयकर रिफंड मिलने में सालों लग जाते थे, लेकिन अब मात्र 10 दिनों में रिफंड मिलने लगा है। कुल मिलाकर यह अंतरिम बजट व्यापारियों के लिए बेहद आशाजनक एवं राहत भरा है।

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को लेकर आम आदमी की मिलीजुली प्रतिक्रिया है। एक वर्ग ने इसका तहेदिल से स्वागत करते हुए इसे आशावादी बजट बताया, वहीं दूसरा वर्ग अंतरिम बजट को चुनावी और आंकड़ेबाजी का बजट करार दे रहा है। सात लाख तक आय कर से मुक्त किए जाने के प्रावधान पर एक बड़े वर्ग ने मोदी सरकार के इस कदम का तहेदिल से स्वागत किया है, जबकि रोजगार का प्रावधान न होने से युवा नाराज हैं। उनका कहना है कि अंतरिम बजट उनकी आशाओं पर पानी फेरने वाला बजट है। रसोई गैस रिफलिंग को लेकर घरेलू महिलाओं में भी निराशा साफ दिख रही है।

सरकार ने अंतरिम बजट में सात लाख रुपये तक की आय को कर से मुक्त रखने का प्रावधान किया है। तकरीबन 58 हजार रुपये मासिक आय पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इसको लेकर निजी कंपनियों में पैकेज पर नौकरी करने वाले युवाओं का कहना है कि उन्हें आयकर में छूट मिलने से राहत मिलेगी। दिल्ली में रहकर आईटी सेक्टर की एक कंपनी में कार्यरत दिलीप गुप्ता का कहना है कि वह 7 लाख 20 हजार यानी 60 हजार रुपया मासिक के पैकेज पर काम कर रहे हैं। दिल्ली में खर्च अधिक होने के कारण सकल आय का आधा 25 से 30 हजार रुपया हाउस रेंट और खाने-पानी में वहीं खर्च हो जाता है। ऐसे में उनके पास 30 हजार रुपया ही बचता है। इस पर यदि वह आयकर भी दें तो फिर घर से बाहर रहकर काम करने से क्या लाभ है। मोदी सरकार न अंतरिम बजट में सात लाख तक की आय पर आयकर में छूट का प्रावधान किया है। इससे उन्हें भारी राहत मिली है। हालांकि सरकार के इस अंतरिम बजट में एक वर्ग को यह भी आशा थी की आयुष्मान भारत योजना में सीमा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर सात या आठ लाख की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। महिलाओं का एक बड़ा वर्ग महंगी रसोई गैस को लेकर मोदी सरकार से नाखुश है। उनका कहना है कि हर माह तकरीबन 1 हजार रुपया गैस की रिफलिंग में ही चला जाता है। जिनके परिवार बड़े हैं उनके यहां तो एक सिलेंडर पूरे महीन भर भी नहीं चलता। हालांकि सरकार ने बीते दिनों गैस सिलेंडर की रिफलिंग में 200 रुपये छूट का प्रावधान किया था, लेकिन महिलाओं का कहना है कि यह नाकाफी है। गैस सिलेंडर की रिफलिंग में कम से कम 500 रुपये की कमी होनी चाहिए। उधर युवा मोदी सरकार से इस बात को लेकर खफा हैं कि बजट में उनके लिए रोजगार का प्रावधान नहीं किया गया।

युवा राजेश प्रजापति कहते हैं कि सरकार ने सात लाख तक की आय पर कर में छूट देकर उन्हें लाभ दिया है जिन्हें रोजगार प्राप्त है। उनके जैसे हजारों नौजवानों के हाथ खाली हैं। आय ही नहीं है तो छूट के लाभ से उनका क्या लाभ है। इसके अलावा सरकार ने पेट्रोल के दामों में भी कमी नहीं की, जिससे देश लाखों मध्यमवर्गीय परिवारों के लोग सीधे प्रभावित होते हैं। बुंदेलखंड में कृषि घाटे का सौदा साबित हो रही है। बढ़े डीजल का भी इस घाटे का एक कारक है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

# खेत में किसान की डंडों से पीटकर हत्या, आरोपी फरार

### छतैनी गांव का मामला, पुत्र ने पड़ोसी युवक के खिलाफ दर्ज कराया केस

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**


घटना के बाद मौके पर खड़े तमाशबीन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** खेत में बने मकान में सो रहे किसान की डंडो से पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सुबह खेत पहुंचे पुत्र और दामाद ने रक्त रंजित शव देखा तो बदहवास हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर एएसपी डॉग स्क्वायड़ के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे पुत्र ने पड़ोसी युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कालिजर थाना क्षेत्र के छतैनी गांव निवासी रघुनंदन भुर्जी (70) पुत्र मुन्ना भुर्जी खेत में बोरिग करवाएं था। वहीं पर मकान बना कर रहता था। बुधवार की रात वह कमरे के बाहर छप्पर की नीचे सो रहा था, तभी रात में उसके सिर और चेहरे पर डंडों से वारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे शव को रजाई से ढककर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह रघुनंदन का छोटा पुत्र शुशील अपने बहनोई राममिलन के साथ खेत पहुंचा। देखा तो चारपाई टूटी पड़ी थी। रजाई उठाया तो उसका रक्त रंजित हालत में शव पड़ा था। चेहरा बुरी तरह से क्षति विक्षत था। शव देखते ही उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष कालिंजर मौके पर पहुंच गए। सूचना पर एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा डॉग स्क्वायड और फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच पड़ताल किया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के छोटे पुत्र सुशील ने पड़ोसी लवलेश के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुशील ने तहरीर में लिखा है कि रंजिस में उसके पिता की पीटकर हत्या कर दी।

### दहेज की खातिर विवाहिता को घर से बाहर निकाला

**नरैनी :** दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजनों ने घर से पीटकर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है। गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी गांव निवासी प्रियंका पुत्री बसंतलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी 5 मार्च 2022 को लालबहादुर पुत्र बच्चूलाल निवासी संग्रामपुर थाना फतेहगंज के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुरालीजनों ने दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक यातनाएं देना शुरू कर दी। इसी वर्ष 25 जनवरी को ससुराल में उसके साथ मारपीट की गई और इसके बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। उससे साफतौर पर कहा गया कि घर में अपना मुंह तभी दिखाना जब अपने पिता से दहेज की रकम एक लाख रुपये ले आना। चार दिन बाद ससुरालीजन उसके पिता के घर उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर गिरवां थाना पुलिस ने सास विस्सी, ससुर बच्चूलाल, पति लालबहादुर निवासी संग्रामपुर के खिलाफ दहेज अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया है।

# झूठे मुकदमों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

**▸▸ दो सूत्रीय मांगों के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता**

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**


मांगों के समर्थन में जूलूस निकालते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दो सूत्रीय मांगों के समर्थन में गुरुवार को बांदा समेत सभी तहसीलों के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने संघ भवन में एकत्र होकर जजी परिसर तक भ्रमण करते हुए जूलूस निकाला। अशोक लॉट पहुंचकर यह जुलूस एक सभा में तब्दील हो गया। सभा में तय हुआ कि जब तक अधिवक्ताओं के पुराने चेंबर्स का निर्माण होने के साथ अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमों की वापसी नहीं होती तब तक आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। इस दौरान बैनामा लेखन से लेकर स्टांप बिक्री तक कार्य ठप रहेगा।

अपनी मांगों को लेकर सभी अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे उर्फ भइयाजी की अध्यक्षता में संघ भवन में एकत्र हुए और एक बड़े जुलूस के रूप में सभी अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए संघ भवन से मुख्त्यार खाना टीन शेड से कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए जजी परिसर का भ्रमण किया। इसके बाद अशोक लॉट में एक सभा के साथ जुलूस का समापन हुआ। सभा में निर्णय लिया गया कि जब तक उनके पुराने चेंबर्स का निर्माण और अधिवक्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमों समेत रुपया वापस न किया गया तब तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। साथ ही जिले की सभी तहसीलों में बैनामा लेखन, नोटरी, वकालतनामा और स्टांप विक्रय नहीं होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामस्वरूप सिंह, शंकर सिंह, राजाभइया मिश्रा, एजाज अहमद, अशोक दीक्षित, द्वारिकेश यादव, धनराज सिंह, बीएम कुशवाहा, राममिलन सिंह पटेल, सत्यदेव त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, रमो लखेरा, उमाशंकर शर्मा, कौसर मुस्ताक, अजय सिंह, सलिल अग्निहोत्री, ब्रह्मानंद पांडेय, नवीन निगम, यदुनाथ सिंह, रामप्रकाश शिवहरे, आदित्य सिंह, प्रयागदत्त अवस्थी, विजय साहू, अशोक शुक्ला समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बीमारी से हेड वार्डेन की मौत से मचा कोहराम

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**▸▸ दो माह पहले उसके बड़े बेटे ने फांसी लगाकर दी थी जान**

**अमृत विचार:** मंडल कारागार में तैनात हेड वार्डेन की गुरुवार को दोपहर उसकी अचानक हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कन्नौज जिला के हथिन गांव निवासी किशन लाल गौतम (53) पुत्र रामदयाल पांच साल से मंडल कारागार में हेड वार्डेन के पद पर तैनात था। वह लीवर की बीमारी से परेशान था। उसका कानपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरूवार की दोपहर उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। घर वालों ने देखा तो उसे उठा कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र अलोक ने बताया कि दो माह पहले उसका बड़ा भाई हिमाशू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया था। हिमाशू की मौत के बाद से पिता किशनलाल ज्यादा परेशान थे। वह गुमशुम रहते थे। 27 जनवरी से वह अवकाश पर चल रहे थे। बीमारी के चलते उसकी मौत हो गई। मृतक के दो बेटी है। बड़ी बेटी प्रीती की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी पूजा शादी लायक है।

# इस बार चूके तो मताधिकार भी गंवा देंगे पीडीए

**▸▸ पीडीए जन पंचायत में सपा के पक्ष में मतदान की अपील की गई**

**संवाददाता, नरैनी (बांदा)**


पीडीए जन पंचायत में शामिले सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गुरुवार को ग्राम पंचायत शाहबाज पुर में पीडीए जनपंचायत एवं संविधान बचाओ जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि यह सरकार पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों की धुर विरोधी है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सबको मिलकर भाजपा को शिकस्त देनी पड़ेगी। अन्यथा हमसे वोट डालने का भी अधिकार हमेशा के लिए छीन लिया जाएगा।

पीडीए जन पंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बृजभूषण सिंह यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों के अब जागने का समय आ चुका है। यदि वे अब भी शांत बैठे रहे तो भाजपा एक बार फिर सत्ता में काबिज होकर अगले पांच साल के लिए उनके हितों के रास्ते बंद कर अपना हित साधने में जुट जाएगी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा सरकार के लोगों से बदला लेने बेहतर समय है। अपने वोट की चोट से उनके हौसले पस्त कर दीजिए। कहा कि यह सरकार किसान और नौजवान विरोधी है। इस बार के चुनाव में इस जुल्मी सरकार को उखाड़ फेकने का काम करिएगा। यदि इस बार मौका चूक गए तो फिर हाथ मलते रह जाइयेगा। उनके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा यदि हम आप नहीं जागे तो 2024 का चुनाव अखिरी होगा। हमसे चुनाव में मताधिकार यानी वोट डालने का अधिकार भी छीन लिया जाएगा।

शाहबाजपुर गांव के लोगों से समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी शिवशंकर पटेल के पक्ष में मतदान करने की पुरजोरअपील की गई। जन चौपाल में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामराज पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मुन्ना सिंह पटेल और सभा का कुशल संचालन विधानसभा महासचिव सगीर प्रधान ने किया। कार्यक्रम के दौरान दो सैकड़ा से भी ज्यादा लोग मौजूद रहे।

# पेंशन अदालत: पांच प्रकरणों में से दो का मौके पर निस्तारण

**बांदा,अमृत विचार :** अपर आयुक्त (प्रशासन) चित्रकूटधाम मण्डल अमरपाल सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को मण्डलीय पेंशन अदालत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लम्बित देयकों के लिए प्राप्त शिकायती पत्रों पर जनसुनवाई बैठक हुई, जिसमें जनसुनवाई के 5 प्रकरणों में से 2 प्रकरण मौके पर ही निस्तारित किये गये। चतुर्थी देवी पत्नी स्व .मातादीन पाल सेवानिपवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का भविष्य निधि 20 लाख 99 हजार 121 रुपये का भुगतान 8 जनवरी द्वारा हो जाने के कारण प्रकरण जनसुनवाई के माध्यम से निस्तारित किया गया। इसी तरह सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक कार्यालय अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई कल्लूराम का प्रकरण अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई की आख्या 18 जनवरी एवं क्षेत्रीय आर्युवेदिक एवं यूनानी अधिकारी की आख्या 20 जनवरी के अनुसार चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का भुगतान हो जाने के कारण जनसुनवाई से निस्तारित हुआ। इस प्रकार कुल 10 प्रकरणों में से 2 प्रकरण मौके पर निस्तारित हुए तथा शेष अनिस्तारित प्रकरणों के समयान्तर्गत निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए गए। पेंशन अदालत/जनसुनवाई की कार्यवाही में अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन सहायक लेखाधिकारी विष्णुकान्त द्विवेदी एवं स्टाफ कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन भगवती प्रसाद के साथ प्रधान प्रबन्धक दुग्ध संघ कर्वी चित्रकूट श्री रामशरण रामप्रकाश, सीडीपीओ, लालसिंह यादव, एसएलएओ तथा वादी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** — जिले के सभी मंडलों में 4 से 11 फरवरी तक चलेगा गांव चलो अभियान, टोलियों का गठन कर कार्यशाला में अभियान की बताई रूपरेखा

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तेज की तैयारियां

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**



कार्यशाला को संबोधित करे जिला उपाध्यक्ष डॉ .धर्मेंद्र त्रिपाठी।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने भले ही तिथियां घोषित न की हों, लेकिन सभी सियासी दलों ने जमीनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में बांदा-चित्रकूट और हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा सीटें जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करने के लिए जिले के सभी मंडलों में गांव चलो अभियान की कार्यशालाएं आयोजित की गई। अभियान को लेकर मंडलों में टोलियों का गठन करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कार्य योजना बताई गई।

शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में 4 से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान को लेकर गुरुवार को सभी मंडलों में कार्यशाला आयोजित कर टोलियों का गठन करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रूपरेखा समझाई गई। पैलानी मंडल की अतरहट गांव स्थित हरदयाल डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। देश में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। यहां जिला मंत्री दिनेश यादव, मंडल प्रवासी आनंद स्वरूप द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अमित निगम आदि मौजूद रहे। इसी तरह शहर के दक्षिणी मंडल की तुलसी स्वरूप होटल में आयोजित कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, मंडल प्रभारी अजीत प्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, उत्तरी मंडल की कार्यशाला कान्हा कुंज में आयोजित हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष जागृति वर्मा तथा मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। बिसंडा मंडल की कार्यशाला ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि रागिनी शिवहरे रहीं। मंडल प्रभारी देवमूरत द्विवेदी तथा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह मौजूद रहे। महुआ मंडल की कार्यशाला ब्लाक सभागार महुआ में आयोजित की गई। इस मौके पर महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, जिला मंत्री पंकज रैकवार उपस्थित रहे। बबेरू मंडल की कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, मंडल प्रभारी राजेश सेन तथा मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे मौजूद रहे। कमासिन मंडल की कार्यशाला ब्लॉक सभागार में हुई। मंडल प्रभारी प्रद्युम्न नरेश आजाद, जिला मंत्री मनीष गुप्ता तथा मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे। मर्का मंडल कार्यशाला उदीयमान आदर्श विद्यालय में आयोजित की गई। जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार, मंडल प्रभारी धीरेंद्र सिंह तथा मंडल अध्यक्ष दिनेश निषाद आदि ने भागीदारी की। पवैया मंडल की कार्यशाला बबेरू ब्लॉक सभागार में हुई। जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह उपस्थित रहे। नरैनी मंडल कार्यशाला ब्लाक सभागार में हुई। राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतु तथा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय मौजूद रहे। अतर्रा मंडल की कार्यशाला मैरिज हॉल में हुई। मंडल प्रभारी बलराम सिंह कछवाह, जिला मंत्री देवेंद्र भदौरिया तथा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह रहे। कालिंजर मंडल के कार्यशाला नीलकंठ मंदिर में आयोजित हुई। मंडल प्रभारी राजनारायण द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख मनफूल पटेल तथा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश राजपूत ने कार्यकर्ताओं को अभियान की जानकारी दी। तिंदवारी मंडल की कार्यशाला ब्लॉक सभागार में हुई। जिला मंत्री राजर्षी शुक्ल, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देशराज सिंह तथा मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी ने भागीदारी की। जसपुरा मंडल की कार्यशाला रामपुर में आयोजित की गई। इस मौके पर जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, मंडल प्रभारी उत्तम सक्सेना तथा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह शामिल रहे।

### बूथों में 24 घंटा प्रवास करेंगे कार्यकर्ता : डॉ.धर्मेंद्र

बड़ोखर मंडल की कार्यशाला जमालपुर गांव स्थित जंगल बाबा देव स्थान में जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ में 24 घंटे का प्रवास एक-एक कार्यककर्ता को करना होगा। मंडल के 98 बूथों में 98 प्रवासी नियुक्त किए गए हैं। प्रवास में देवालय की सफाई के साथ उसी जगह बूथ टोली की बैठक होगी। बूथ के पांच स्थानों पर कार्यकर्ता वाल पेटिंग कर फिर एक बार मोदी सरकार स्लोगन लिखेंगे। गांवों में चैपाल कर ग्रामीणों की राय जानी जाएगी। मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने बताया कि रात का भेजन गांव के किसी अनुसूचित वर्ग परिवार के घर पर होगा। रात्रि विश्राम उसी बूथ में करना है। गिरजेश तिवारी, मटौंध नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर सिंह, सुरेश तोमर, जगपाल सिंह, संतोष मिश्रा, नाना शुक्ला, राहुल सिंह गुड्डू, शिवचरण शुक्ला ने भी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अभियान की कार्य योजना समझाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह, देवी दयाल सिंह, अरविंद त्रिपाठी, मनदीप तिवारी, मालती दीक्षित, सुधा गुप्ता, अजय सिंह, चंद्रभाल शुक्ला समेत बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। संचालन शिवम द्विवेदी ने किया।

# 178 पंचायत सहायकों के खिलाफ नोटिस जारी पदमुक्त करने के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** गांवों में तैनात पंचायत सहायकों द्वारा ई-खसरा पड़ताल कार्य न शुरू किए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ ने डीपीआरओ को पत्र भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीपीआरओ ने पंचायत सचिवों को गांवों में तैनात 178 लापरवाह पंचायत सहायकों को नोटिस जारी कर पदमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में पंचायत सहायकों के गैरहाजिर रहने और कार्य प्रारंभ न होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य द्वारा बैठक में पंचायत सहायकों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने तथा सर्वे न किये जाने पर नाराजगी जताई। जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद सरोज ने पत्र के माध्यम से गुरुवार को पंचायत सहायकों को संबंधित तहसीलो पर ई-खसरा सर्वे प्रशिक्षण में उपस्थित होने का निर्देश दिए। लेकिन जनपद के आठ विकास खंडों से सर्वेक्षण में लगे 221 के सापेक्ष मात्र 43 पंचायत सहायक ही प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिवों को 178 लापरवाह पंचायत सहायकों के खिलाफ नोटिस जारी कर पदमुक्त करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### नौरंगा सब स्टेशन से जुड़े गांवों की बिजली रहेगी बाधित

**राठ।** उपखंड अधिकारी ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नौरंगा में शुक्रवार को स्थापित 5 एमवीए परिवर्तक के स्थान पर 10 एमवीए परिवर्तक की स्थापना का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा परिवर्तक बदलने के चलते प्रात: 10 से सायं 05 बजे तक संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है।

### तमंचे के साथ युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मुस्करा।** बुधवार शाम पुलिस गस्त पर थी, तभी सूचना मिली कि एक युवक चरखारी रोड पुरानी शराब ठेका के पास तमंचा लिए घूम रहा है। मौके पर उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पांडे, कांस्टेबल वेद प्रकाश और अनुज पहुंचे। युवक को घेर कर पकड़ लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित उर्फ अंकु पुत्र रामदेव राजपूत निवासी पहाड़ी भिटारी बताया है। अंकित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट पंजीकृत कर चालान किया गया है। उधर थाना जलालपुर पुलिस ने थाना राठ के परा निवासी आरोपी मुन्नू उर्फ पुष्पेंद्र राजपूत को तमंचा के साथ धौहल कटेहरी मोड से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### एकाकी जीवन से तंग वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

**सुमेरपुर।** सरीला तहसील के खड़ौत गांव का निवासी छोटे उर्फ छोटा (85) बचपन में खंडौत से आकर रिश्तेदारी में बांकी गांव में आकर बस गया था, इसकी शादी नहीं हुई है। उम्र के अंतिम पड़ाव में एकाकी जीवन काट रहे इस वृद्ध ने गुरुवार को घर पर ही जहरीला पदार्थ गटक लिया हालत बिगड़ने पर पड़ोसियों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर किया है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं है।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** कस्बे की इमिलिया थोक निवासी एक युवक को पुलिस अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि इमिलिया थोक निवासी राजकुमार को एक अदद तमंचा 12 बोर एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### पशुबाड़े से घर जा रही महिला को पीटा

**सुमेरपुर।** पंधरी गांव में पशुबाड़े से घर जा रही महिला को एक व्यक्ति ने रास्ते में रोककर पुत्रों एवं पत्नी के साथ मिलकर जमकर मारापीटा। सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बुधवार की देर शाम पशुबाड़े से वापस घर जा रही थी तभी गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार ने शराब के नशे में झूमते हुए उसका हाथ पकड़ कर रोक लिया और गाली गलौज करने लगा तभी इसके पुत्र ओमी, राहुल, प्रशांत तथा पत्नी राजकुमारी आ गए और सभी ने जमकर पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुर्रा रोड पर दबंगों ने छात्र के साथ की मारपीट

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव के निवासी कृष्णकांत पुत्र लाखन सिंह ने बताया कि वह कस्बे के एक निजी इंटर कॉलेज में दसवीं कक्षा का छात्र है। बताया कि कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर किसी काम पर आया हुआ था। तभी उसे लगभग आधा दर्जन दबंग युवक मिल गए और उसे बाइक में बैठाकर कस्बे के कुर्रा रोड इलाके में ले गए। जहां पर उक्त सभी ने उस पर अनर्गल आरोप लगाते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। बताया कि उसने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला

**कुरारा, अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रीपुर के मजरा ददरी में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवासों का खंड विकास अधिकारी ने मौके पर जाकर सत्यापन किया। इसी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया जो बंद मिला। इस मामले की बाल विकास विभाग को आख्या भेजी है।

विकासखंड क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को आवासों का सत्यापन करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने सबसे पहले सिवनी में दो आवासो का मौके पर सत्यापन किया। वहीं ग्राम पंचायत मिश्रीपुर और इसके मजरे ददरी में दो दो आवासों का सत्यापन किया। साथ ही राजाराम डिग्री कॉलेज में बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी की चल रही सेमेस्टर परीक्षा का निरीक्षण किया। ददरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिलने पर उन्होंने बाल विकास विभाग को पत्राचार करने की बात कही। साथ ही निर्माणाधीन आवासों के लाभार्थियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर आदि मौजूद रहे।



ददरी में निर्माणाधीन आवास देखते बीडीओ। अमृत विचार

### शराब ठेके में हुई चोरी का खुलासा

**हमीरपुर।** थाना बिवांर के महेरा गांव में बीते 20 जनवरी की रात देशी शराब ठेका का ताला तोड़कर चोर कैश काउंटर की ड्रार में रखी करीब ढाई लाख की नकदी चोरी कर ले गए थे। इस मामले में ठेका मालिक गहरौली निवासी राघवेंद्र ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में मौदहा सीओ श्रेयस त्रिपाठी ने जांच की थी। गुरुवार को पुलिस ने इस घटना का खुलासा किया है। सीओ ने बताया कि राठ हमीरपुर मुख्य मार्ग से महेरा की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित पुलिया के पास एक चार पहिया बिना नंबर स्विफ्ट कार में बैठे आकाश राजपूत पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम बरौली खरका थाना चिकासी, शानू खान पुत्र इसरार निवासी दीवानपुरा थाना राठ व अवधेश राजपूत पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम महेरा थाना बिवांर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि शराब ठेका से रुपयों की चोरी उन्हीं लोगों ने की थी।

## सार-संक्षेप

### गांव चलो अभियान के अंतर्गत लेंगे वोटर लिस्ट का संज्ञान




गांव चलो अभियान की मंडल बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**सुमेरपुर।** गुरुवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में गांव चलो अभियान की बैठक संपन्न हुई। बैठक मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह की अध्यक्षता में हुई। मंडल प्रभारी रामदेव सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव के सेक्टर प्रभारी एवं प्रवासी एक दिन के लिए गांव में जाकर 24 घंटे प्रवास करेंगे। जहां पर प्रत्येक बूथ में पन्ना प्रमुख से मिलकर नई वोटर लिस्ट को संज्ञान में लिया जाएगा एवं किसी निराश्रित गरीब कमजोर वर्ग के लोगों के यहां भोजन करेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। इस बैठक में रोहित शिवहरे, सिद्धार्थ सिंह, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, स्वामी प्रताप सिंह, धीरेंद्र शिवहरे, अशोक सिंह, गीता ओमर, उर्मिला सिंह, दया सिंह, अनिल दीक्षित, सौरभ सिंह, चेतन सिंह, रजत कुटार, शरद चंदेल, राजेश सहारा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दबंगों ने दंपति के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** कस्बे के एक मोहल्ले निवासी महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार को करीब रात आठ बजे जब वह अपने परिवार के साथ घर में थी। तभी मोहल्ले के आशीष शर्मा अपने आठ दस साथियों के साथ हाथ में तमंचा लेकर आया है और उसके पति को गालियां देते हुए जमकर पीटने लगे। पति को बचाने पर उक्त दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट और छेड़छाड़ की। दबंगों ने उसके पति को इतनी बुरी तरह से मारा कि उसके पति बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। पीड़िता ने बताया कि इसके महिला कोतवाली शिकायत दर्ज कराने आई और जब वापस लौट कर गई तो उक्त दबंग आशीष शर्मा अपने झलोखर निवासी मामा के साथ अपने साथियों को लेकर पीड़िता के घर आ गया और दोबारा से धमकी, गाली गलौज, छेड़छाड़ और मारपीट की। जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा दलितों पिछड़ों की विरोधी : इदरीश खान

**सुमेरपुर।** पीडीए पखवाड़ा के तहत समाजवादी पार्टी ने कस्बे की काशीराम कॉलोनी में पीडीए चौपाल का आयोजन करके भाजपा पर जमकर हमला बोला। आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार दलितों पिछड़ों के आरक्षण के साथ युवाओं की नौकरियों में डाका डाल रही है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने कहा कि भाजपा पिछड़ा विरोधी है। नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाओं के नाम पर गरीबों के साथ छलावा कर रही है। चौपाल में व्यापार सभा जिलाध्यक्ष शिवगोपाल यादव, अली खान, पप्पी सिंह, अवधेश यादव, सोनिया सोनी, सबीना आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने सराहा तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक बजट

## आम जनता के लिए कुछ भी नहीं, अंतरिम बजट पर लोगों की रही मिलीजुली प्रतिक्रिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को केंद्र सरकार का अंतरिम बजट पेश हुआ। इसे लेकर लोगों की प्रतिक्रिया मिली जुली रही है। राजनीतिक रूप से भाजपा ने सराहते हुए इसे ऐतिहासिक बजट बताया है। लेकिन विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। कहा इस बजट में आम जनता के लिए कुछ नहीं है। हालांकि सुबह से लोगों की नजरें बजट की ओर लगी थी और विभिन्न वर्गों को बजट से राहत मिलने की उम्मीद थी। हालांकि महिलाओं के लिए बचत योजना को सराहा गया है। व्यापारी संगठनों ने भी बजट को व्यापारियों के हितों के विपरीत बताया।

प्राचार्य डॉ.भवानीदीन ने कहा है कि अंतरिम बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ा एलान हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा सात लाख रुपये सालाना कमाने वाले को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा। 15 लाख से ज्यादा इनकम वालों को 30 फीसदी टैक्स चुकाना होगा। इससे छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

व्यापारी नेता धीरेंद्र गुप्ता ने कहा है कि बजट में सोने चांदी का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिये सरकार ने कोई राहत नहीं दी है। सोना, चांदी और प्लैटिनम से बनी आयात से बनी इंपोर्टेड ज्वैलरी महंगी करने से ठप पड़े सर्राफा व्यापारियों को निराश किया है।

गृहणी संगीता ने कहा है कि सरकार ने बजट में गांव से लेकर शहर तक में रहने एवं व्यापार करने वाली महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं, उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। महिलाओं के लिए एक विशेष बचत योजना भी इस बजट में शुरू की गई है जो सराहनीय है।

आसिफ अहमद का कहना है कि आम बजट में युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराए जाने की काफी उम्मीद थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है इससे युवाओं में निराशा है। बेरोजगारी की काफी समस्या है और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करके ही इस समस्या का निदान किया जा सकता है।

पूजा सोनी का कहना है कि युवाओं और छात्रों के लिए इस बजट में कोई विशेष योजना का ऐलान नहीं किया गया है। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कोई ठोस कार्य योजना भी नहीं है। युवाओं को रोजगार चाहिए और इसके लिए सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे।

रानी ने कहा है कि इस वर्ष का बजट बहुत ही निराशाजनक रहा है। इस बजट में मध्यम वर्ग, सेवारत कर्मियों, गृहणियों, महिलाओं के लिए कुछ खास नहीं किया गया। बजट में आयकर में भी कोई छूट नहीं दिए जाने से कर्मचारी वर्ग को भी निराशा हुई है। आयकर में छूट कर्मियों के लिए जरूरी है।



डॉ.भवानीदीन।



धीरेंद्र गुप्ता।



संगीता। अमृत विचार



आसिफ अहमद।




पूजा सोनी।



रानी। अमृत विचार

▸▸ व्यापारी संगठनों ने अंतरिम बजट को व्यापारियों के हितों के विपरीत बताया

### विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट



किसानों का मुंह मीठा कराते शिवशंकर सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा गांव, गरीब, शोषित, वंचित, किसानों के मसीहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रखर नेतृत्व में अंत्योदय को समर्पित यह केंद्रीय अंतरिम बजट नि:संदेह समाज के समस्त वर्ग की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने वाला बजट है। इस अंतरिम बजट के लिए प्रधानमंत्री के साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेश वासियों की तरफ से कोटि कोटि आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने किसानों को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1564 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 23/01/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामदुलारी पत्नी मोतीलाल | श्रीमती मोहनिया पुत्री पंचा रैदास | भटियाना | 17 | 168 | पंजीकृत वसीयतनामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर


# लगातार बढ़ रहीं लैंगिक अपराध की घटनाएं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सरकार लैंगिक समानता लाने और लैंगिक अपराधों को रोकने के उद्देश्य से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा आंदोलन के रूप में चला रही है। साथ ही आए दिन मिशन शक्ति अभियान के तहत चौपालों के माध्यम से महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। क्षेत्र के एक गांव में दो दिन के भीतर नाबालिगों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटनाएं पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाने के लिए काफी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 31 जनवरी को सुबह वह अपने पशुओं का गोबर उठा रही थी। इसी बीच गांव का मजहर पुत्र सर्फुददीन उर्फ बुद्धू आ गया और पीड़िता के साथ अश्लीलता करने लगा। इसके बाद पीड़िता की पुत्री को गंदी नियत से पकड़ कर पटक दिया। पुत्री को बचाने दौड़ी तो आफताब पुत्र कमरुद्दीन भी आ गया और गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। इस बीच काफी लोगों के आने के कारण उक्त दोनों लोग धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपने और परिवार की जान का खतरा बताया है। वहीं दूसरे मामले में बीती तीस जनवरी को इसी गांव के राशिद पुत्र रियाजुद्दीन ने नाबालिग के साथ अश्लीलता और छेड़छाड़ की जबकि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने आ रहे परिजनों को बंदूक की नोंक पर रास्ते पर ही रोक लिया इतना ही नहीं जब परिजन घटना के तीसरे दिन किसी तरह से कोतवाली पहुंच गए तो आरोपी के सहयोगियों ने कोतवाली गेट पर भी धमकी देकर पीड़ितों को रोकने का भरसक प्रयास किया हालांकि पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

▸▸ मां पुत्री के साथ छेड़खानी करने के साथ की मारपीट

### पीड़िता की तहरीर पर शोहदे के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** शोहदे पर कार्रवाई न होने से आहत यमुना पुल से नदी में छलांग लगाने वाली पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शोहदे के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लिया है।

कस्बे के सब्जी मंडी के समीप रहने वाली एक महिला को पड़ोसी मोनू आए दिन परेशान करता था। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं कर रही थी। इससे उसने आहत होकर यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। जिसे मछुआरों ने बचा लिया था पुलिस ने इसको सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। पति-पत्नी दोनों ने पड़ोसी मोनू पर परेशान करके बदनाम करने का आरोप लगाया था। देर रात पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी मोनू के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करके हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़िता की कार्रवाई न करने का आरोप निराधार है। पीड़िता ने युवक के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दी थी, अब शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया है।

### युवक ने फार्म हाउस में घुसकर महिला के साथ की छेड़छाड़

**राठ।** जरिया थाने के एक गांव में एक युवक ने फार्म हाउस के अंदर मौजूद महिला के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। जालौन जनपद के एक गांव की निवासी महिला ने बताया कि उसका जरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में फार्म हाउस से बताया कि वह अपने फार्म हाउस के अंदर बैठी हुई थी तभी गांव का ही एक दबंग युवक उसके फार्म हाउस में घुसा और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा बताया कि जब उसने युवक की हरकतों का विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपीय वक्त ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। युवती ने बताया कि उसने जरिया थाने में आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पारा वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक मेमो/पंचम वित्त/15वाँ वित्त/2023–24 दिनांक– 01.02.2024

**निविदा सूचना**

पंचम वित्त/15वाँ वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में नाली निर्माण कार्य रामजस के मकान से किशुनलाल के मकान तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेन्टर दिनांक 08.02.2024 तक आवंटित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनांक 08.02.2024 अपरान्ह 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह सपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट – | 113 बैग |
| 2 | लोकल बालू – | – |
| 3 | सी.सैण्ड– | 21.25 मी0$^3$ |
| 4 | 40 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 7.35 मी0$^3$ |
| 5 | 20 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड– | 6.15 मी0$^3$ |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा– | 9000 नग |
| 7 | सरिया | 1.65 रू0 |
| 8 | 40 mm Brick ballast | 7.35 मी0$^3$ |

सचिव
ग्राम पंचायत पारा
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान
ग्राम पंचायत पारा
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


## धर्म–कर्म

### भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है भागवत पुराण

# वेद व्यास की अंतिम रचना है भागवत पुराण

**भरुआ सुमेरपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में चल रही भागवत पुराण कथा में भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कथावाचक राकेश मोहन मिश्र ने कहा कि श्रीमद भागवत पुराण सभी शास्त्रों का सार है। वेदों के संकलन और महाभारत, पुराणों की रचना के बाद महर्षि नारद मुनि ने वेदव्यास को भागवत पुराण लिखने को प्रेरित किया था। यह वेदव्यास जी की आखिरी रचना है। जिसमें सभी रचनाओं का निचोड़ है।

उन्होंने बताया कि भागवत में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दर्शाया गया है। विष्णु और कृष्ण अवतार की कथाओं का ज्ञान कराती इस पुराण में सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मर्यादा, द्वैत-अद्वैत, द्वैताद्वैत, निर्गुण-सगुण ज्ञान प्राप्त होता है। श्रीमद्भागवत पुराण विद्या का अक्षय भंडार है। उन्होंने बताया कि इसे भक्ति शाखा का अद्वितीय ग्रंथ माना जाता है इसमे उच्च दार्शनिक विचारों की प्रचुरता है। हर प्रकार से यह पुराण मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। इस अवसर पर कथा के परीक्षित विष्णु कांत त्रिपाठी, निर्मला त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, अरविन्द पालीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

उधर चन्दपुरवा बुजुर्ग में बनका बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि मां आदि गुरु होती है। वह पुत्र को जैसा चाहे वैसा बना सकती है। कथा व्यास ने बताया कि जैसा कि ध्रुव की मां समिति ने पिता की बजाय परमपिता की गोद में बैठने के लिए मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में जब तक त्याग नहीं होता। तब तक संतो या भगवान के दर्शन नहीं हो सकते हैं। भगवान की प्राप्ति के लिए साधना के साथ भक्ति का मार्ग अपनाना होगा। कथा व्यास ने कहा कि निष्काम भाव से कार्य करने से ही ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। जीवन में मनुष्य को संतों से सत्संग अवश्य करना चाहिए। तभी हृदय के विकार दूर हो सकते हैं।



फोटो 04 कथा सुनाते भागवताचार्य राकेश मोहन मिश्र। अमृत विचार

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राठ।** चिकासी थाने के जिगनी गांव में पुलिस ने अत्यधिक मात्रा में 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि गांव निवासी शिवपाल पुत्र भरोसे को बीस क्वार्टर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1714751 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।
**नाम– अंकुर सेन पुत्र श्री गोरेलाल, निवासी – ग्राम –पश्चिम पताई मऊ, जिला चित्रकूट**

# सत्ता पक्ष ने बजट को सराहा, विपक्ष ने बजट को बताया जनविरोधी


## पेंशनर्स नेताओं ने भी बजट को कर्मचारी और पेंशनर्स विरोधी बताया

कार्यालय संवाददाता, महोबा।


कांग्रेस जिला अध्यक्ष तुलसीदास


सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव


महामंत्री बीके तिवारी।


भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता।



**अमृत विचार।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विपक्षी दलों ने बजट को किसान, जन विरोधी बताया है, वहीं भाजपा ने बजट को जनता के लिए हितकारी बताते हुए आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और रेल यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक बताया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को जनता विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट से किसानों और आम आदमी को कोई लाभ होने वाला नहीं है। बजट में कुछ भी नहीं किया, जिससे लोगों को बजट का लाभ मिल सके। सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने अंतरिम बजट को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बजट में किसानों को कोई लाभ नहीं दिया गया और न ही खाद, बीज, कृषि यंत्र सस्ते किए गए हैं। उनका कहना है कि पेश किया गया बजट में कोई भी खास बदलाव नहीं किया गया, जिससे किसी को कोई लाभ नहीं हुआ है।

पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिला महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि बजट में कर्मचारियों, पेंशनरों एवं दैनिक भोगी कर्मचारियों मेहनतकश लोगों को अपेक्षित किया गया, बजट में कर्मचारी का कोई ध्यान नहीं रखा गया है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार कर्मचारियों पेंशनरों और मेहनतकश की विरोधी है। कहा कि इस बार भी आयकर में कर्मचारियों को कोई छूट नहीं दी गई है, जबकि कर्मचारी इस साल आयकर में छूट के लिए काफी उम्मीद लगाए हुए था।

भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में यात्रियों की सुरक्षा सुविधा आराम के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा, इससे यात्रियों को रेल के सफर में राहत मिलेगा साथ ही रेल में अन्य सुविधाएं मिलेंगी। बजट में आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आशा और आंगनबाड़ी वर्कस को भी कवर किया गया है, इससे उन्हें भी लाभ मिलेगा।

सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल ने कहा कि बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान दिया गया है, नारी सम्मान को सुरक्षित रखते हुए उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया। आयकर व समस्त करों का सरलीकरण करते हुए समुचित धनराशि से गरीब मजदूरों के हितों को साधने का सराहनीय प्रयास किया है।

## अभ्यर्थियों के लिए खोला गया निःशुल्क हेल्प डेस्क

**महोबा।** डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रम में पॉलिटेक्निक में प्रवेश 2024 की कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा के लिए कालेज में निःशुल्क हेल्प डेस्क खोल गया है, जिसमें अभ्यर्थी पॉलिटेक्निक आनलाइन प्रवेश परीक्षा आवेदन व अन्य परीक्षा संबन्धित जानकारी डेस्क से हासिल कर सकते हैं। राजकीय पालिटेक्निक कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष शुक्ला ने बताया कि अभ्यर्थी कालेज में सुबह ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक योगेंद्र कुमार व संदीप कुमार कर्मशाला अनुदेशक से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### डायट प्राचार के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई पार्टी

**महोबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चरखारी परिसर में प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिकारियों, व संस्थान के प्रवक्ताओं द्वारा प्राचार्य संतोष कुमार सक्सेना का फूल मालाएं और उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में प्राचार्य की सराहना करते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया, इसके बाद विशाल मिश्रा, सुनील नायक सहित अन्य संगीत मंडलीय ने संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर बीएसए अजय कुमार मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी नसरीन जहां, लवकुश नगर के कृषि विकास अधिकारी बीके मिश्रा, शहजादे तनवीर के अलावा प्राचार्य के परिजनों सहित तमाम प्रवक्ता, प्रशिक्षुओं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सक्सेना ने किया।

### तमंचा कारतूस सहित पुलिस ने दो को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कुलपहाड़ के प्रभारी निरीक्षण भास्कर मिश्रा द्वारा उपनिरीक्षक शेरेआलम खां के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने तमंचा व कारतूस सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रावतपुराखुर्द की गौशाला के पास दो लोग तमंचा लिए जा रहे हैं, जिस पर पुलिस टीम ने धर्मेन्द्र यादव पुत्र कोमल यादव निवासी ग्राम रावतपुराखुर्द व ब्रजेंद्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम सुगिरा कुलपहाड़ को पकड़ा और तलाशी लेने पर उनके पास से 12 बोर का देशी तमंचा व कारतूस बरामद किए गए। दोनो के खिलाफ बरामदगी के आधार पर कार्रवाई की गई है।

# आसरा आवास योजना के पात्रों को आवास आवंटन के लिए दिए निर्देश

महोबा


समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

▸▸ जिलाधिकारी ने डूडा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**अमृत विचार।** डूडा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संचालित योजनाएं की समीक्षा कर निर्देश देते हुए कहा कि आसरा आवास योजना के तहत जल्द से जल्द लाभार्थियों का चयन करके आवासों का आवंटन किया जाए। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 47000 लोगों को इस योजना का लाभ अभी तक मिल चुका है, उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा सीसीएल करवाए जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4680 लोगों को प्रथम किशत दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री जी नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत जनपद के शहरी क्षेत्र के अल्पसंख्यक एवं मलिन बस्तियों में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।शहरी गरीबों के लिए आश्रय योजना के अंतर्गत आश्रयहीन, बेसहारा शहरी गरीब जिसके पास रहने के लिए कोई सहारा न हो सड़कों के किनारे मंदिर के चबूतरे, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि पर अपना गुजारा करते हैं, ऐसी गरीब व्यक्तियों को आश्रय दिए जाने के लिएराठ रोड में नवोदय विद्यालय के पास 50 बेड क्षमता वाला सेल्टर होम स्थापित किया जा रहा है, आने वाले समय में इसका लाभ गरीब व्यक्तियों को मिलेगा।

## कोलंबस क्लब झांसी व आर्यंश क्लब झांसी ने विरोधी टीमों को हराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला स्टेडियम महोबा में 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मैच खेले गए, जिसमें पहला क्रिकेट मैच ललितपुर अकदमी और कोलंबस झांसी के बीच खेला, जिसे झांसी की टीम ने दो विकेट से मैच पर जीत दर्ज की तो वहीं दूसरा मैच आर्यंश क्लब झांसी और डीसीए बांदा के मध्य खेला गया, जिससे झांसी की आर्यंश टीम ने छह विकेट से जीत लिया। टूर्नामेंट देखने के लिए शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों के क्रिकेट प्रेमियों मैच शुरू होने से पहले ही मैदान पहुंच जाते हैं, जिससे स्टेडियम में लोगों की नजर आ रही है।

# सीएचसी जैतपुर की जिम्मेदारी संभाल रहा नेत्र सहायक, जिम्मेदार अधिकारी मौन

जैतपुर


मरीजों को देखता नेत्र सहायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल में संविदा पर तैनात नेत्र सहायक द्वारा अस्पताल में आंखों का उपचार करने के साथ साथ इमरजेंसी में भी ड्यूटी कर मरीजों का इलाज कर रहा है। इमरजेंसी में डाक्टर की ड्यूटी लगाई जाती है।

इतना ही नहीं नेत्र सहायक सरकारी आवास में भी रह रहा है, जबकि स्थाई डाक्टरों और कर्मचारियों को ही आवास आवंटित किए जाने का प्रावधान है, लेकिन चिकित्साधीक्षक द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में तैनात आप्टोमैटिक्स महेन्द्र कुमार स्वास्थ्य केंद्र का जिम्मा लिए हुए है और मनमर्जी से काम करता है। नेत्र सहायक पद पर कार्यरत है और सभी मरीजों का इलाज करता है। चिकित्साधीक्षक भी इस पर कोई लगाम नहीं लगाते है प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की कमी है, यहां पर चार डाक्टरों के स्थानांतरण किए गए, लेकिन कोई डाक्टर यहां पर आना नहीं चाहता है।

# छात्र का मॉडल मंडलीय प्रतियोगिता में सराहा गया

महोबा


मॉडल को दिखाता छात्र।

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा के कक्षा दस के छात्र ने आदित्य एल मिशन का माडल तैयार करके चित्रकूट धाम मंडल बांदा की आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता अपने हुनर का परिचय कराया। छात्र का माडल मंडलीय प्रतियोगिता में खासा सराहा गया। छात्र प्रिंस रैकवार ने बांदा में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता से लौटकर कालेज में अपने साथ पढ़ने वाले छात्रों और गुरुजनों के बीच माडल का प्रयोग करके दिखाया।

छात्र का मार्ग दर्शन करने वाले आचार्य अनिल कुमार त्रिवेदी और प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने कहा कि ऐसे छात्रों से अन्य छात्रों को प्रेरणा मिलती है और दूसरे छात्रों की भी इस तरह के माडल बनाने के प्रति रुझान बढ़ता है। एक दूसरे साथी को देखने के बाद अन्य छात्र भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर आचार्य पंडित जयनारायण तिवारी, संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी के अलावा तमाम आचार्य और छात्र मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई दवा


राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मौजूद डाक्टर व बच्चे। अमृत विचार

महोबा

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डाक्टरों द्वारा बच्चों कीड़ों की दवा पिलाई गई। इस मौके पर अभिभावकों द्वारा बच्चों को आयोजित कार्यक्रम में लाकर दवा पिलाने के लिए खासी भीड़ एकत्र रही।

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर राजेश वर्मा ने बताया की, पेट के कीड़ों से छुटकारे के लिए एवं सेहतमंद भविष्य के लिए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों किशोर किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर निशुल्क खिलाई जाएगी एवं बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य सभी बच्चों और किशोरों में मृदा-संचारित हेल्मिंथ (एसटीएच), जिसे आमतौर पर परजीवी आंतों के कीड़े के रूप में जाना जाता है, के प्रसार को कम करना है। बताया कि गैर पंजीकृत स्कूल, न जाने वाले बच्चों को यह दवा आंगनबाड़ी से खिलाई जाएगी इस मौके पर अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राजेश वर्मा, अरविंद पटेल, सुभाष पटेल, प्रमोद गुप्ता, पुष्पेंद्र राजपूत, जितेंद्र एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक माह तक सर्दी से आजिज आ चुके लोगों ने बदले मौसम से ली राहत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

▸▸ तेज धूप के साथ अचानक गर्मी पड़ने से बारिश होने की बढ़ी उम्मीद

**अमृत विचार।** एक माह तक कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद अचानक मौसम बदल गया। तेज धूप निकलने से गर्मी का भी एहसास होने लगा है, हालांकि कड़ाके की ठंड से बुरी तरह आजिज आ चुके लोग बदले मौसम से खासा खुश हैं और दोपहर में सिंगल स्वेटर तो कोई पेंट शर्ट में ही घूमने लगा है। तेज निकल रही धूप को मौसम वैज्ञानिक बारिश की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि एकाएक इतनी तेज धूप भी नुकसानदायक है।

एक माह तक पड़ी हाड़कपाऊ सर्दी ने लोगों को हिला कर रख दिया है। सर्दी में तापमान घटकर पांच डिग्री सेल्सियस तक आ गया था, जिससे हर किसी की जुवान पर यही था कि इतनी सर्दी कभी नहीं पड़ी और लोग सर्दी खत्म होने के लिए दुआएं कर रहे थे। बुजुर्ग इस सर्दी से सबसे ज्यादा आहात हुए। इतना ही नहीं अचानक कुछ दिनों से निकल रही तेज धूप से भी लोग डरने लगे हैं, उन्हें बारिश का डर सताने लगा है, जो फसल को नुकसान पहुंचाएगा। हालत यह है कि तेज धूप से एक बार फिर मौसम बदलने की उम्मीद जागने लगी है।

# 13 डॉक्टरों के भरोसे 10.14 लाख आबादी के इलाज की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


महोबा जिला अस्पताल।

▸▸ डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है

▸▸ डॉक्टर के न होने से कभी कभी सही प्लास्टर भी नहीं बंध पाता है

▸▸ स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय और फार्मासिस्टों के 50 फीसदी से ज्यादा पद खाली

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल महोबा में 25 डाक्टरों के सापेक्ष मात्र 13 डाक्टरों के भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं चल रही हैं, जिससे ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ जुटती है। लगभग आधे डाक्टर न होने से मरीजों को सीमित डाक्टरों से उपचार कराना पड़ रहा है, जिससे मरीजों की अधिक संख्या बढ़ जाती है, इससे डाक्टरों को भी पल भल की फुर्सत नही मिलती है। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है। जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय के ज्यादातर पद रिक्त हैं, जिसके चलते निजी कंपनियों के माध्यम से अस्पताल में कार्य कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में चिह्नित डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है। जिला अस्पताल में आर्थो सर्जन का पद लम्बे समय से रिक्त चल रहा है, कुछ माह पहले उनके स्थान पर डाक्टर ने चार्ज तो ले लिया, लेकिन वह हफ्ते मात्र दो दि नही सेवाएं दे रहे हैं, जिससे हाथ पैर फ्रेक्चर होने पर वार्डबॉय मरीजों को प्लास्टर बांधकर उनका आर्थिक शोषण करते हैं। डॉक्टर के न होने से कभी कभी सही प्लास्टर भी नहीं बंध पाता है, इससे उन्हें छतरपुर और झांसी उपचार कराने के लिए जाना पड़ता है। बावजूद इसके शासन की नीति को दरकिनार करके पैथोलॉजिस्ट से फिजीशियन का काम कराया जा रहा है। जिला अस्पताल में तैनात जिम्मेदार अधिकारी शासन की मंशा पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### सीमित संस्थानों के बीच दी जा रही स्वास्थ्य सेवाएं

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 पवन कुमार अग्रवाल का कहना है कि जिला अस्पताल में 25 डॉक्टरों के सापेक्ष महज 13 डॉक्टर तैनात हैं। ऐसे में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए उन्हीं डॉक्टरों से काम लिया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले जनरल मरीजों को ओपीडी में तैनात कोई भी चिकित्सक देख सकता है। किसी को फिजीशियन के पद पर तैनात नहीं किया गया है। डॉक्टरों द्वारा सरकारी आवासों में की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस नियम विरुद्ध है। समय–समय पर नोटिस देकर प्राइवेट प्रैक्टिस बन्द करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा करते पाए जाने पर शासन को पत्र भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी। बाहर की दवाएं और जांचें लिखने के लिए डॉक्टरों को मना किया गया है साथ ही ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इमरजेंसी सहित कई जगह बाहर की दवाएं लिखने पर शिकायत दर्ज कराने के लिए नम्बर जारी किए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छ गुणवत्ता न पाए जाने पर सचिव व प्रधान को नोटिस जारी

डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत लाडपुर का किया औचक निरीक्षण


निर्माण कार्य का निरीक्षण करते डीपीआरओ।

**महोबा कार्यालय।** जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने ग्राम पंचायत लाडपुर में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गुणवत्ता न पाए जाने पर ग्राम प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर दिया है, इससे हड़कंप मच गया। विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत लाडपुर में डीपीआरओ ने बृहद स्वच्छता अभियान के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कोई भी गतिविधि संचालित नहीं पाई गई। पंचायत भवन के सामने अत्यधिक गंदगी व कूड़े के ढेर पाए गए। इसके अलावा गांव में निर्माणाधीन आर आरसी केंद्र में घटिया तीन नंबर का ईट का प्रयोग पाया गया, सीसी निर्माण बिना नाली निर्माण के ही कराया गया पाया गया, तथा चार खाद गड्ढों का निर्माण अत्यधिक घटिया पाया गया, जिसमें धन का दुरुपयोग किया जाना पाया। समस्त कार्यों के संबंध में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से अभिलेख मांगे गए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया न ही अभिलेख प्रस्तुत किए गए। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने दोनों को नोटिस जारी कर तीन की अंदर समस्त अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

### महिला सुरक्षा विशेष दल ने छात्राओं व महिलाओं को किया जागरुक


युवती को जानकारी देते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरुकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल ने गुरुवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा विशेष दल ने बाजार, भीड़ भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कालेजों, कोचिंग संस्थानों और गांव के सचिवालयों में पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं के उत्पीड़न के रोकथाम संबन्धी अधिकारों के बावत जानकारी दी। महिला सुरक्षा विशेष दल ने स्कूलों, कालेजो व कोचिंग आने जाने वाली छात्राओं से बातचीत की और महिलाओं, छात्राओं के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रही हेल्पलाइन नम्बर, वूमैन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, यूपी 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 आदि के बारे में जानकारी देते हुए कोई भी समस्या आने पर तत्काल उक्त नम्बरों पर फोन करके पुलिस की मदद लें। थाना स्तर पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल ने भ्रमण दौरान छात्राओं को बताया कि अब वह निडर होकर विद्यालय और कोचिंग जाए, उन्हें किसी भी तरह का कोई डर नहीं है। सरकार ने उनकी मदद के लिए तमाम हेल्पलाइन नम्बर दिए है, जिस पर फोन करते ही पुलिस मदद के लिए हाजिर हो जाएगी। विशेष दल महिला हेल्प डेस्क को सूचित करने के बारें में जागरुक किया, जिससे दिक्कत के समय छात्राओं और महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों का लाभ मिल सके।

### हर घर जल योजना हुई फ्लाप, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**जैतपुर महोबा।** घर घर जल पहुंचाने के लिए शुरू की गई नमामि गंगे योजना बेमतलब साबित हो रही है, जिससे ग्रामीणों की योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना के तहत ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंचाने के लिए कनेक्शन तो कर दिए गए, घर के दरवाजों पर नलों की टोटियां लगा दी गई, लेकिन अभी तक कनेक्शन लाइन नहीं बिछाई गई, जिससे घर घर में लगी टोटियां शोपीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीणों को हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कस्बा जैतपुर में नमामि गंगे योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने के लिए तमाम स्थानों पर लोगों के घरों में टोटियां लगा दी गई, लेकिन आज तक उन टोटियां में पानी नहीं पहुंचा। कई साल पहले शुरू की गई इस योजना कार्य कछुवा गति से चल रहा है, जिसका कारण अधिकारियों द्वारा कार्य के प्रति उदासीनता बताई जा रही है। कस्बे में योजना के तहत आधी से ज्यादा आबादी को पानी नसीब नहीं हो रहा है। रेलवे स्टेशन निवासी भाजपा नेता अरुण मिश्रा, शांति अनुरागी कहा कहना है कि कनेक्शन जरुर कर दिए गए है, लेकिन पानी तीन माह से नहीं मिल रहा है। मणियापुरा के भागीरथ कुशवाहा, बल्देव कुशवाहा, ज्ञानप्राकश ओझा, राजेश पांचाल सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाते समय जल निगम के कर्मचारियों को अवगत करा दिया गया था कि मुख्य मार्ग से मोहल्ले की ऊंचाई अधिक है इसलिए यहां पर छह इंच पाइपलाइन से ही पानी मिलना संभव है, लेकिन कर्मियों ने तीन इंची पाइप लाइन बिछा दी, जिससे कम क्षमता में पानी आने से मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है। इस वक्त भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर समस्या से अवगत कराया, लेकिन जल निगम ने अपने कर्मचारियों को भेज कर मौके की स्थिति दिखाई, कर्मचारियों ने स्थिति देखकर हाथ खड़े कर दिए। बताया कि बगैर छह इंची पाइपलाइन बिछाए बिना मोहल्ले में पानी आना संभव नहीं है।

जायजा — आठ साल पहले बनाई गई आसरा आवास कालोनी आवंटन के लिए रंगाई पुताई के बाद खड़ी तैयार

# अधिकारियों ने किया आसरा आवास का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा


आसरा आवास का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**जागी उम्मीद**

▸▸ जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर आवासों को सौंपी जाएगी चाबी

▸▸ लाभार्थियों को आवंटन की जागी उम्मीद

**अमृत विचार।** जिले में आठ साल पहले बनाए गए आसरा आवासों का आवंटन होने के आसार बढ़ गए हैं। पूर्व में चयनित किए गए लाभार्थियों को अब जल्द ही आसरा आवास मुहैया हो सकेंगे और लाभार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर आवासों को चाबी सौंपी जाएगी। आसरा आवासों की क्या स्थिति है इसका जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर गुरुवार को जिले के अधिकारियों द्वारा कालोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की रिपोर्ट जल्द ही अधिकारियों द्वारा डीएम को सौंपी जाएगी। इसके बाद आसरा आवास आवंटन प्रक्रिया शुरू होगी।

गौरतलब है कि जवाहर नवोदय विद्यालय के पीछे लगभग आठ साल पहले बनाई गई आसरा आवास कालोनी का आज तक लाभार्थियों को आवंटन नहीं किया गया, जबकि लाभार्थी कई बार अधिकारियों से मुलाकात कर आवास आवंटन की मांग कर चुके हैं, लेकिन कई सालों से तैयार कालोनी आवंटन का इंतजार कर रहे हैं। लाभार्थी कई साल से आवास मिलने की टकटकी लगाए हुए हैं, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों का चयन पूर्व में ही कर लिया गया है और सारी खानापूर्ति भी करा ली गई है, सिर्फ चाबी पाने की उम्मीद में लाभार्थी सालों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

उल्लेखनीय यह है कि तीन मंजिला बनी कालोनी रंगाई पुताई के बाद पूरी तरह से तैयार है, विभागीय अधिकारियों की अनदेखी और उदासीनता के चलते लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लाभार्थियों में असंतोष व्याप्त है। लाभार्थियों का कहना है कि आसरा आवास मिलने की उम्मीद में उन्होंने आज तक कहीं अपना आशियाना भी नहीं बनवाया है। वह आज भी कच्चे मकान व किराए के मकानों में रह रहे हैं।

गुरुवार को उपजिलाधिकारी मृत्युंजय दुबे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, जिला नगरीय विकास अधिकारी ने डीएम के निर्देश पर आसरा कालोनी का अंदर बाहर से निरीक्षण कर जायजा लिया। डीएम द्वारा बनाई गई अधिकारियों की टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद अब लाभार्थियों को आसरा आवास मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

### चौकीदारों को देना पड़ा लाखो मानदेय

● हेंडओवर न होने से भारी हो रहा नुकसान

आसरा आवास कालोनी आठ साल पहले बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन आज तक आवंटन न होने से ठेकेदार द्वारा कालोनी की देखरेख के लिए दो चौकीदारों को रखे जाने से अब तक लाखों रुपये उनके मानदेय में खर्च कर चुका है। आवंटन में देरी होने से ठेकेदार को भारी नुकसान हो रहा है, इतना ही नहीं आवासों की खिड़कियां, दरवाजों में होने वाली टूट फूट की मरम्मत भी ठेकेदार द्वारा कराई जा रही है। अब आवंटन की उम्मीद बढ़ने से लाभार्थियों के साथ साथ ठेकेदार भी खुश नजर आ रहा है। ठेकेदार का कहना है कि कालोनी के हेंडओवर हो जाने से उनका अनावश्यक होने वाले खर्च पर रोक लगेगी।

## एक नजर

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बभनजोत, गोंडा:** गौरा चौकी बभनान मार्ग स्थित रेडवलिया गांव के पास बाइक व पिकअप में हुई भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। बृहस्पतिवार को गौरा चौकी बभनान मार्ग पर रेडवलिया गांव के पास गौरा चौकी की तरफ से आ रहा बाइक सवार सामने से आ रही पिकअप से टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची खोड़ारे पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए भेजा। इस संबंध में गौरा चौकी चौकी प्रभारी दिनेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रांट निवासी शिवकुमार वर्मा (35) का गौरा चौकी बभनान मार्ग पर पिकअप से टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा मंडल की बैठक आज

**रुपईडीह, गोंडा:** भाजपा मंडल कौड़िया के कार्यकारिणी समिति की बैठक कल दो फरवरी को मंडल कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष अनंत राम शुक्ल ने बताया कि इस बैठक के लिए मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्राम जोड़ो अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### नजूल की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सेवा समिति ने अधिशासी अधिकारी व नगर चौकी प्रभारी को पत्र देकर नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की है। पत्र में कहा है कि गुरुद्वारा परिसर के पीछे अमित चौरसिया पुत्र विजय चौरसिया ने बिना नगर पालिका परिषद की अनुमति व बिना नक्शा पास कराए ही अवैध रूप से निर्माण कराकर अब तालाब की नजूल भूमि को कब्ज़ा करने की नियति से अनावश्यक रूप से एक गेट जबरदस्ती लगवा रहे हैं। पत्र में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

# बजट: मुफ्त बिजली पर हुई चर्चा, गरीबों के घर होंगे रोशन

## चुनावी साल में गरीबों, युवाओं और महिलाओं को लुभाने का प्रयास, रक्षा, सड़क परिवहन, संचार मंत्रालय, ग्रामीण विकास के लिए बजट को बढ़ाया

**कार्यालय संवाददाता, उरई**

**अमृत विचार।** मोदी सरकार टू का अंतिरम बजट लेकर आई वित्त मंत्री सीतारमण ने चुनावी साल को ध्यान में रखते हुए किसान, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान पर बात करते हुए योजनाओं के माध्यम से लुभाने का प्रयास किया है। रक्षा, सड़क परिवहन, रेल विभाग, संचार मंत्रालय, ग्रामीण विकास के लिए बजट को बढ़ाया। उनके पिटारे से 300 यूनिट फ्री बिजली का तोहफा निकला तो बजट सुन रहे और टीवी के सामने बैठकर देखरहे लोगों के बीच चर्चाएं शुरू हो गई। लोगों ने इसे अच्छा बताया लेकिन इसका लाभ किसे मिलेगा इसे समझने का प्रयास भी किया गया। माना जा रहा है कि गरीबों के घर रोशन होंगे।

गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए बजट पर जिले में पूरे दिन चर्चा होती रही। व्यपारी वर्ग से लेकर नौकरपेशा तक सभी बड़ी उम्मीद लगाए थे कि टैक्स स्लैब में कोई बड़ी छूट मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। वहीं दूसरी तरफ जिले के लिए भी बजट में कोई बड़ी परियोजना की उम्मीद नहीं है। पुरानी योजनाओं को गति देने के लिए बजट को बड़ा किया गया। गरीबों को आशियाना मिल सके इसके लिए बजट बढ़ाते हुए रास्ता साफ किया है। अंतरिम बजट में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की सेहत की फिक्र सरकार ने की है। महिलाएं स्वावलंबी बनकर लखपति दीदी बन जाएं इसके लिए भी वित्त मंत्री का फोकस रहा है। अंतरिम बजट में गृहमंत्रालय के लिए 2.03 लाख करोड़, रेलमंत्रालय को 2.55 लाख करोड़, रक्षा विभाग के लिए 06.2 लाख करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 1.77 लाख करोड़, संचार मंत्रालय 1.37 लाख करोड़ के अलावा कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 1.27 लाख करोड़ का बजट दिया गया। रूफटॉप सोलर से 300 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा जिले के लोगों को रास आ गई। बजट का पूरा फोकस इसी पर रहा। कयासों का दौर शुरू हो गया आखिर यह कितने घरों को मिलेगी। हर कोई इसी पर चर्चा करते हुए देखा गया।


**पीएम आवास योजना में 93 पात्रों को मिलेगा लाभ: उरई।** सरकार के बजट में गरीबों को प्रधानमंत्री आवाय योजना का दायरा बढ़ाने की बात कही गई है। जिले में अब तक 26620 पात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। वर्ष 2018 की सूची के आधार पर ही लाभांवित किया जा रहा है। जो सूची थी उसमें 93 पात्र रह गए है जिनका आशियाना बनना है। ऐसे में सरकार के बजट से उनके सपने साकार होंगे। दायरा बढ़ाए जाने पर जिले को नई सूची के तहत क्या लक्ष्य मिलेगा यह तो आगे देखने वाली बात होगी।

**14413 लखपति दीदी बन चुकी अब तक: उरई।** एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित कराकर स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में 90 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूह में जुड़ी हुई है। इन महिलाओं की आर्थिक दशा सुधारने के लिए कैंटीन से लेकर अन्य रोजगार मुहैया कराए गए। स्वरोजगार स्थापित कर अब 14413 महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी है। इन महिलाओं की आर्थिक दशा में सुधार हुआ। सरकार के अंतरिम बजट में लखपति दीदी पर फोकस से जिले में समूह में काम कर रही महिलाओं की उम्मीद को पंख लगेंगे।


**आयुष्मान भारत की श्रेणी में आएंगी जिले की 1340 आंगनबाड़ी कार्यकत्री: उरई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो अंतिरम बजट गुरुवार को पेश किया उसमें महिलाओं के उत्थान पर मुख्य फोकस रहा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर काम करने वाली कार्यकत्री और सहायिकाओं के अलावा गांव क्षेत्र में काम कर रही आशा बहुओं की सेहत की फिक्र की है। उन्हें आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का एलान किया गया है। आगे आने वाले समय में उनके पास भी आयुष्मान कार्ड होगा और पांच लाख तक का मुफ्त इलाज होगा। जिले में इसका फायदा 1340 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, 1104 सहायिका और 1236 आशा बहुओं को इसका फायदा मिलेगा। जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्हें अपनी प्रतिक्रिया में बजट की प्रंशसा की और कहा कि अच्छा होता कि उनका मानदेय बढ़ जाता।

**विपक्षियों को रास नहीं आया बजट, भाजपाई बोले वैरीगुड: उरई।** केंद्र सरकार का अंतरिम बजट विपक्षी दलों के नेताओं को रास नहीं आया है। उनका कहना है कि बजट में कुछ नहीं है। व्यापारियों से लेकर किसानों के लिए कुछ नहीं दिया गया। सरकार भाषणों से लुभाने का काम करती है। किसानों को उर्वरक की जरूरत होती है जिससे उसकी फसल अच्छी हो सके, लेकिन इस सरकार में यह संभव नहीं है। वहीं दूसरी तरफ सत्ता दल से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों का कहना है कल्याणकारी बजट पेश किया गया।


### बजट पर लोगों की प्रतिक्रियाएं




आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री लिमका देवी का कहना है कि इलाज में बहुत पैसा खर्च होता है अगर सरकार उन्हें आयुष्मान योजना से जोड़ रही है तो यह अच्छी बात है। उनके परिवार को भी पांच लाख का इलाज मुफ्त मिल सकेगा। सरकार को इसके लिए बंधाई देते है। – **लिमका देवी**




आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका रेवती देवी कहती है कि सरकार ने सेहत की फिक्र की है यह बड़ी बात है। आयुष्मान से इलाज कराने में सुविधा होगी और आर्थिक संकट के चलते उपचार न करा पाने का मलाल भी नहीं रहेगा। –**रेवती देवी**




सरावन गांव निवासी कार्यकत्री नीलम कुशवाहा का कहना है कि केंद्र सरकार का यह फैसला सराहनीय है। आज के समय में हर परिवार का स्वास्थ्य पर एक बड़ा बजट खर्च होता है। हम लोगों का सीमित मानदेय है ऐसे में यह सुविधा मिलेगी तो बीमारी के इलाज पर खर्च होने वाले बजट की चिंता नहीं रहेगी। – **नीलम कुशवाहा**




सरावन गांव निवासी सहायिका श्यामा का कहना है कि आयुष्मान योजना गरीब परिवारों के लिए रामबाण से कम नहीं है। सरकार ने पांच लाख तक का इलाज मुफ्त दे रही है। इसमें सहायिकाओं और आशाओं को भी शामिल किया गया। अच्छा होता है कि हम लोगों के मानदेय पर कुछ रहम होती। – **श्यामा**




उरई में इलेक्ट्रिक वाहनों के डीलर सर्वेश तिवारी का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार बढ़ रहा है, चार्जिंग को लेकर पशोपेश में लोग रहते है लेकिन अगर उन्हें यह सुविधा हाइवे पर पेट्रोल पंप की तरह मिलने लगेगी तो यह बाजार और तेजी से बढ़ेगा। कदम सराहनीय है। – **सर्वेश तिवारी**



उरई के ही इलेक्ट्रिक स्कूटी डीलर बल्लू का कहना है कि अभी छोटे जिलों में स्कूटी का बाजार है कारों की संख्या बहुत कम है। इसकी मुख्य वजह चार्जिंग थी। बजट में चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाने का फैसला स्वागत योग्य है। यह सुविधा मिलते ही लोगों का पेट्रोल और डीजल कारों से मोहभंग होगा। – **बल्लू**



भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित का कहना है कि विपक्ष के पास अच्छे कामों की तारीफ करने लायक शब्द नहीं है और न वह अच्छे कार्यों को देख पाते है। यही वजह है कि उन्हें सरकार के काम नजर नहीं आते। यह बजट कल्याणकारी है। बजट में महिलाओं का ध्यान रखा गया है। – **उर्विजा –दीक्षित**, भाजपा जिलाध्यक्ष



सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में केंद्र सरकार ने बजट को बढ़ाकर दिया। रक्षा से लेकर कृषि विभाग को भरपूर बजट दिया है। किसानों की सम्मान निधि की बात हो या फिर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की बजट में प्रावधान किया है। – **गौरीशंकर वर्मा**, सदर विधायक




बजट देखते लोग। अमृत विचार



सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर का कहना है कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट से किसी को कोई उम्मीद नहीं थी। क्योंकि यहां पर सिर्फ बातें होती है। सरकार ने व्यापारियों से लेकर आमजन किसी का भी ख्याल नहीं किया है। टैक्स स्लैब की बात हो या किसानों के उत्थान की कुछ नहीं। – **दीपराज गुर्जर**, सपा जिलाध्यक्ष



बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शिरोमणि का कहना है कि बजट में तारीफ करने लायक कुछ भी नहीं है। किसानों की खाद के नाम पर जेब काटी जा रही और सम्मान निधि के नाम पर उनका वोट लेने का सपना देखा जा रहा। आम जनमानस को बजट में कुछ नहीं मिला। – **शैलेंद्र शिरोमिण**

# हॉट एयर बैलून से अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों ने देखा शहर

**कार्यालय संवाददाता, उरई।** यह पहला मौका था जब अधिकारी, गणमान्य नागरिक, पार्टी प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि सभी अपना शहर देखने के लिए हॉट एयर बैलून में बैठे। रोमांचक पलों को हर कोई अपनै कैमरे में कैद कर लेना चाहता था। उत्साह के साथ साथ अंदर डर भी चेहरे पर साफ झलक रहा था लेकिन जब बैलून ने जीआईसी मैदान से उड़ान भरी तो फिर शहर दिखाकर ही लौटा। शहर वाले भी अचानक आसमान में इतना बड़ा गुब्बार देखकर पहले तो चौंक गए कि आखिर यह क्या है? बाद में उन्हें पता चला तो बच्चों से लेकर बड़े तक अपनी छतों पर खड़े होकर यह नजारा देखने लगे। इसके बाद शाम को सांस्कृतिक महफिल में बुंदेली नृत्य ने सभी का मनमोह लिया।



हॉट एटर वैलून में बैठे अधिकारी व नेतागण। अमृत विचार

पर्यटन विभाग व संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव आयोजित है। गुरुवार को इसमें पहले दिन हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाईटस, सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। भव्य शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज उरई के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति समेत शहर के अनेक गणमान्य नागरिक शुभारंभ सत्र के साक्षी बने। महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अन्य प्रदेशों की उपस्थित लोकप्रिय कलाकारों द्वारा राई लोक नृत्य एवं गायन, उत्तर प्रदेश का नृत्य, लोकप्रिय गायन आदि कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बुन्देलखण्ड एक बड़े भू-भाग क्षेत्र में विस्तारित है। बुन्देलखण्ड की परम्परायें, विरासतें, रीतिरिवाज एवं धरोहरें स्वयं में विशेष महत्व रखती है, जिनके दर्शनार्थ बुन्देलखण्ड में पर्यटकों का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावना के विकास हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा और महोबा में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव मनाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने कहा कि बुन्देलखण्डवासी अत्यन्त सौभाग्यशाली है कि उन्हें बुन्देलखण्ड महोत्सव का प्रत्यक्षदर्शी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जालौन में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन जनपदवासियों के लिए अत्यधिक गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित यह महोत्सव जनपद में 01 फरवरी से 02 फरवरी तक पर्यटकों को विशेष अनुभव की अनुभूति हेतु आयोजित किया जा रहा है। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज उरई प्रांगण में प्रातः हॉट एयर बैलून, योगा एवं कालपी में हैरिटेज वॉक व टेथर्ड फ्लाइट्स कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त महोत्सव का हिस्सा बनने वालों को हैरिटेज वॉक के दौरान कालपी में प्राचीन मंदिर, गौरवशाली इतिहास जानने का अवसर प्राप्त हुआ, साथ ही हॉट एयर बलून के माध्यम से शहर का विहंगम दृश्य भी देखने को मिला। बैलून में बैठकर शहर को करीब 50 फिट की ऊंचाई से देखा। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी इसका आनन्द लिया।

# दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**संवाददाता, उरई।** आटा थाना क्षेत्र के एक गांव से 18 मई 2022 को 16 वर्षीय किशोरी को करमेर गांव निवासी राघवेंद्र पुत्र आशाराम अपहृत कर ले गया था। किशोरी को चार दिन तक आरोपित ने अपनी बुआ के घर में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण व पाक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पांच दिन बाद किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया और आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। किशोरी की मेडिकल रिपोर्ट और बयान के आधार पर बाद में पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी।

राघवेंद्र को जेल भेज दिया गया, इसके बाद मजबूत साक्ष्य संकलित कर पुलिस ने राघवेंद्र के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। डेढ़ साल चले ट्रायल के बाद गुरुवार को इस मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद राघवेंद्र को नाबालिग के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के अपराध में दोषी करार दिया है।

# किशोरी से छेड़खानी के मामले में एक भाई को सजा, दूसरा दोषमुक्त

**संवाददाता, उरई**

**अमृत विचार।** शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत गुर्जर ने बताया कि जालौन कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बा निवासी पिता ने एक अगस्त 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था। कि 28 जुलाई 2017 को उसकी पुत्री घर के पास बनी लैट्रिन में शौचक्रिया के लिए गई थी। तभी मोहल्ले के ही अंसार असलम दोनो सगे भाइयों ने पड़कर उसके साथ छेड़खानी की और मारपीट की शोर शराबा सुनकर छात्रा की मां मौके पर आई तो अभियुक्तगणों ने उसकी मां को अपमानित कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी शुरू कर दी पुलिस ने अभियुक्तगणों को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश थी। लेकिन दोनो अभियुक्त पुलिस की पकड़ में नही तो अभियुक्तगणों ने पुलिस से बच कर 17 अगस्त 2017 को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना कर दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में 22 सितंबर 2017 को चार्जशीट दाखिल कर दी। गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह गवाहों के बयान व साक्षयो के आधार पर असलम को दोष मुक्त किया गया वहीं उसके भाई अंसार को घर में घुसकर छेड़खानी करने के मामले में दोषी पाते हुए 5 साल की सजा सुनाई गई। साथ ही 11 हजार 500 सो रूपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# रायबरेली ने कानपुर की टीम को दी शिकस्त

**संवाददाता, जालौन**

**अमृत विचार।** जालौन प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल मैच में रायबरेली ने कानपुर की टीम को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को रायबरेली और प्रधान इलेवन के बीच फाइनल खेला जाएगा। छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जेपीएल का दूसरा सेमीफाइनल मैच रायबरेली और कानपुर के बीच हुआ। सेमीफाइनल मैच में रायबरेली ने टॉस जीतकर कानपुर को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। कानपुर की ओर से उदय सिंह ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। इसके अलावा अभय प्रताप सिंह ने 19 रन का योगदान दिया। उन्होंने एक चौका और एक सिक्सर लगाया। इसके अलाव नौशाद ने 15 और अनिरूद्ध ने 10 रनों का योगदान कर निर्धारित 20 ओवर में टीम का स्कोर 119 रन पहुंचाया। वैभव सिंह ने रायबरेली की ओर से तीन ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरी रायबरेली की टीम के ओपनर बल्लेबाज वैभव सिंह ने 22 गेंदों में 20 रन की पारी खेलकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। मध्यक्रम के बल्लेबाज उज्ज्वल गर्ग ने 28 गेंदों में 33 रन की पारी खेली। उन्होंने चार चौके और एक सिक्सर लगाया।



मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

इसके अलावा शिवा सोनकर ने 26, अमन जिंदल ने 17 और विकास कुमार ने 16 रनों की पारी खेलकर 15वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। कानपुर की ओर से फाजिल ने दो विकेट चटकाए। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल मैच में प्रधान इलेवन ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी की टीम को हराकर पहले की फाइल में प्रवेश कर लिया था।

# खादी-ग्रामोद्योग विकास में मील का पत्थर

**गोंडा कार्यालय:** खादी कपास से बना एक सूत स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में परिणित होकर देश को एकता की सूत्र में पिरोने वाला मजबूत स्तंभ बना। उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान संकाय में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग गोरखपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम/ सेमिनार में प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडे ने कही।

विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सिंह परि क्षेत्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी देवीपाटन मंडल ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग को देश के विकास में मील का पत्थर बताया। साथ ही सांस्कृतिक निदेशक डॉक्टर रेखा शर्मा को सराहनीय सहयोग एवं खुशी गुप्ता, ऋषभ गोस्वामी, मेहविश मेराज को उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनोज कुमार मिश्रा ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत कृषि संकाय के अध्यक्ष डॉ घनश्याम द्विवेदी ने किया। खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग गोरखपुर के जिला जिला समन्वयक दीपक कुमार मीणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं के लिए 'खादी एवं ग्रामोद्योग का भारत के विकास में योगदान' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए ग्रामीण औद्योगीकरण जरूरी है विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 152 छात्र-छात्राओं ने स्पर्धा की वाद विवाद स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका में प्रो श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ बैजनाथ पाल, डॉ स्मिता सिंह एवं निबंध स्पर्धा में डॉ संजय वर्मा, डॉ विनय कुमार पांडे, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संयोजन में डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ मनीष कुमार मोदनवाल, डॉ दिलीप शुक्ला, डॉ अवनीश कुमार मिश्रा, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार पांडे, डॉ सतीश कुमार तिवारी, डॉ देवनारायण पांडे आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक निदेशक डा. रेखा शर्मा को सम्मानित करते खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी।

# हिंदी दुनिया की सर्वोच्च वैज्ञानिक भाषा

**गोंडा कार्यालय:** हिंदी भाषा सहोदरी का दसवां अधिवेशन भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संयुक्त सहयोग से 22 और 23 जनवरी को दुबई के भारतीय उच्चायोग में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अधिवेशन में भारत के 26 प्रांतों के 150 से अधिक हिंदी विषय के विशेषज्ञों ने हिंदी के उत्थान के संबंध मे अपना व्याख्यान अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किये।

गोंडा की मूल निवासिनी खुनखुन पीजी कॉलेज में हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शालिनी शुक्ला ने उत्तर प्रदेश के अवध छेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि हिन्दी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक भाषा है और हिंदी के एक एक शब्द में जो मिठास, अपनत्व और भाव समाहित है वैसा किसी भी भाषा में देखने को नहीं मिलता। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि दुबई के भारतीय कॉउंसलेट सतीश कुमार शिवन और विशिष्ट अतिथि लैला रिहाला, गुडविल एम्बेसडर के रूप में तारु मामू थी। इस कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार दुबई की साहित्यकार स्नेहा देव थी और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष जैकांत मिश्रा और मीणा चौधरी ने किया। दो दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन और स्वागत भाषण डॉ शालिनी शुक्ला द्वारा किया गया। संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हूए हिन्दी भाषा के इस अधिवेशन का उद्घाटन वन्देमातरम गीत और समापन भारतीय राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन के समय दुबई की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और भरतनाट्यम के नृत्य प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भारतीय दूतावास की एम्बेसडर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और हिंदी के उत्तरोत्तर विकास में संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयास को फलीभूत होने की शुभकामनाएं भी दी। पिछले साल हिंदी भाषा सहोदरी का ये सम्मेलन मॉरीशस में संपन्न हुआ था।



दुबई में सम्मान के साथ डा. शालिनी शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

# जाड़े में 34 हजार बच्चे पुराने कपड़े चप्पल पहनकर पहुंच रहे स्कूल

## योजना की हकीकत : आधार फीडिंग का कार्य पूरा न होने के कारण हो रही देरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** वर्तमान शिक्षासत्र में सर्दी गुजरने वाली है, लेकिन करीब 34 हजार से अधिक परिषदीय स्कूलों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि नहीं पहुंच सकी है। जिससे उनको स्वेटर, जूते-मोजे व नई ड्रेस का इन्तजाम नहीं हो सका। कोई पुराने कपड़े तो कोई चप्पल पहनकर ठिठुरते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। आधार कार्ड की फीडिंग न होने व बैंक खाता अपडेट न होने के कारण शतप्रतिशत नामांकित बच्चों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में 13 विकास खंडों व दो नगर पालिका व नगर पंचायतों में परिषदीय स्कूल संचालित हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023-24 में 2 लाख 70 हजार बच्चों का नामांकन कराया गया है। इन सभी बच्चों को डीबीटी के तहत शासन की योजना का लाभ मिलना है। एक बच्चे के अभिभावक के खाते में 1200 रुपये भेजने की योजना है। ताकि इस पैसे से वह बच्चों के लिए जूता, मोजा, ड्रेस, स्वेटर खरीद सके। पहले शिक्षकों व ठेकेदारों के जरिए यह सामग्री सप्लाई की जाती थी, जिससे लेटलतीफी होती थी। जल्द योजना को साकार करने के लिए डीबीटी के जरिए सीधे अभिभावकों के खाते में रुपया भेजने की कवायद शुरु की गई। विभागीय जिम्मेदारों की मानें तो अब तक दो बार इस शैक्षिक सत्र में बच्चों के अभिभावकों के खाते में रुपया भेजा जा चुका है। 2 लाख 36 हजार बच्चों के अभिभावक के खाते में रुपया पहुंच चुका है। 16 हजार बच्चों के आधार व उनके अभिभावक के आधार संबंधी डेटा को फीड कर दिया गया है। इन्हें जल्द योजना का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अन्य बच्चों के डाटा फीडिंग व सत्यापन दुरुस्त करने में विभाग जुटा हुआ है। करीब 12 हजार छात्रों के अभिभावकों आधार सीडेड होते ही उनके खातों में धनराशि भेज दी जाएगी।

### 16 हजार के आधार ही नहीं बने

इस योजना का लाभ के लिए बच्चे व उनके अभिभावक का आधार होना आवश्यक है। आधार फीडिंग के बाद ही डेटा ऑनलाइन लिया जा सकेगा। करीब 16 हजार विद्यार्थी ऐसे हैं जिनका आधार ही नहीं बन पाया है। 12 हजार बच्चों का प्रक्रियाधीन है। वहीं छह हजार बच्चों को अन्य कारणों से पैसा नहीं भेजा गया है।

अभी तक 2 .36 लाख बच्चों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। 12 हजार छात्रों की प्रक्रिया गतिमान है, शीघ्र ही धनराशि भेजी जाएगी। करीब 16 हजार बच्चों के आधार ही नहीं मिल पाए हैं, जिससे देरी हो रही है।
**-अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक**

# स्कूलों में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया

**फतेहपुर।** नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला नशा मुक्ति केन्द्र शेखपुर उनवां द्वारा स्कूल व कॉलेज में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत रैलियां, सेमिनार, कार्यशाला, ई-प्रतिज्ञा अभियान आदि का आयोजन किया गया।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि संस्था द्वारा स्वयं सेवी संस्थापक विकास सिंह के द्वारा भी व्यक्तिगत रूप से प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में 188 पंजीकृत है एवं 50 व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो नशा की आदत से ग्रस्त है, तो संस्था के संचालक विकास सिंह मोबाइल नम्बर 8756339880 व सूरज कुमार वरिष्ठ सहायक मोबाइल नम्बर 7518859694 पर सम्पर्क कर जिला नशा मुक्ति केन्द्र से उच्चारात्मक सहयोग ले सकता है।

# बच्चों की सेहत पर भारी बदलता मौसम

संवाददाता फतेहपुर



पैथोलाजी में जांच के लिए उमड़ी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिन और रात में तीन से चार गुना तक अंतर बढ़ गया है। इस उतार चढ़ाव से जो बच्चे सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं वह किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होने से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर कर चुके हैं। ऐसे बीमार बच्चे बाल रोग की ओपीडी में पिछले तीन दिन से बढ़ गए हैं। डॉक्टर ऐसे बच्चों को कड़ाके की ठंड जैसी ही एहतियात बतरना जरूरी बता रहे हैं।

जिला अस्पताल के बाल रोग की ओपीडी में डॉ. राजीव निगम ने बताया कि इस समय दिन और रात के तापमान में इतना अधिक अंतर हो रहा है कि स्वस्थ लोग भी संक्रमण के शिकार हो जा रहे हैं। बच्चों पर इसका असर और तेजी से हो रहा है। उनके मुताबिक जिन बच्चों की इम्युनिटी किसी वजह से कमजोर है वह आसानी से बीमारी की चपेट में आ जा रहे हैं। दिन में गायब हो चुकी ठंड से सुबह शाम भी लापरवाही करने वाले अभिभावकों के बच्चे अधिक बीमार हो रहे हैं। ऐसे में फेफड़े श्वास नली के संक्रमण वाले मरीजों की संख्या इस हफ्ते तेजी से बढ़ी है।

### बरतें सावधानी

- दिन में चाहे जितनी गर्मी पड़े लेकिन बच्चे के पूरे कपड़े न उतारें
- अधिक ठंडे पानी से बच्चे को स्नान न कराएं
- सुबह शाम ठंड कम महसूस होने पर भी बच्चे को गर्म कपड़े पहनाएं
- आइसक्रीम, कोल्ड्रिंक, दही आदि ठंडे खाद्य बच्चों न दें
- बच्चे की सफाई, मॉस्क व सेनेटाइजर का ध्यान रखें।

- दिन और रात में तीन से चार गुना तक तापमान में अंतर

दिन और रात के तापमान में अधिक अंतर में सामंजस्य बैठाने में बच्चों की इम्युनिटी संघर्ष कर रही है। ऐसे समय में जिन बच्चों की देखभाल में अभिभावक सुबह शाम लापरवाही कर जाते हैं वह बीमार हो जा रहे हैं।
**-डॉ . राजीव निगम,** बाल रोग विशेषज्ञ

# अधिशासी अधिकारी के खिलाफ सभासद लामबंद, डीएम को ज्ञापन

- विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का आरोप
- सभासदों को उपलब्ध नहीं कराई बैठक की प्रति

संवाददाता, फतेहपुर



कलेक्ट्रेट परिसर में शिकायती पत्र देने जाते सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सभासदों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। सभासदों ने कहा कि विकास कार्यों में रोड़ा बने अधिशासी अधिकारी का रवैया नहीं बदला तो धरना प्रदर्शन दिया जायेगा।

सदर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने सिविल लाइन से सभासद विनय तिवारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया कि बोर्ड की बैठक 27 दिसंबर 2023 को बुलाया गया था। बैठक में सभी 41 सभासदों के द्वारा जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गयी।शहर के सभी वार्डों में नए विकास कार्य के रूपरेखा तैयार किया गया था और पारित भी हुआ। नियम के अनुसार नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के द्वारा बैठक के एक सप्ताह के अंदर सभी सभासदों को पारित विकास कार्य की प्रति दी जाती है। लेकिन अधिशासी अधिकारी ऐसे हैं कि कोई भी कार्य में सहयोग नहीं देते हैं। वह विकास कार्यों में रोड़ा बन रहे हैं और अधिशासी अधिकारी पर कार्रवाई लाजिमी है। जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर प्रतियां नहीं दी जाती तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद की होगी।सभासदों ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर पार्क बनना है। मॉडल चौराहा बनाना है। लेकिन प्रतियां न होने से सब कार्य रुका हुआ है। इस मौके पर सरोज देवी, माया पटेल, संजय लाला, नेहा, अरुण यादव, रितिक पाल आदि सभासद मौजूद रहे।

# ट्रकों की भिड़ंत में एक चालक की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के जमेनी गांव के पास ट्रकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रकों के कटर से केबिन काटकर फंसे चालक खलासी को बाहर निकाला गया। हादसे में एक ट्रक के चालक विष्णु (23) की मौत हो गई।

चालक रायबरेली जिला के लालगंज थाना क्षेत्र सेनपुर गांव निवासी था। उसके साथी खलासी सूरज की हालत गंभीर है। सूरज हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कल्यानीपुर गांव निवासी है। पुलिस के मुताबिक, हादसा दोनों ट्रकों के आमने-सामने भिड़ने से हुआ।

एक ट्रक खंती में पलट गया। दूसरे ट्रक का चालक को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। वह नाम नहीं बता सका है। दूसरे ट्रक में ओवरलोड मौरंग लदी थी। ट्रक शहर की ओर आ रहा था।

# दोषी पुलिस वालों पर कसा जाए कानून का शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



नहर कालोनी में धरना देते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हत्या के मामले में एक युवक को थाना के अंदर जबरन जुर्म कबूल करने के लिए पुलिस कर्मियों ने एक युवक को थर्ड डिग्री दी थी। इससे आहत युवक ने फांसी लगाने से पहले पुलिस प्रताड़ना की बात बताकर वीडियो बनाई और फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों ने मुख्यमंत्री, डीजीपी और आईजी व जिलाधिकारी के नाम प्रार्थना पत्र भेजा। ग्रामीणों ने दोषी पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा और सीबीआई जांच की मांग को लेकर नहर कालोनी में धरना पर बैठ गए।

शहर के नहर कालोनी में मृतक युवक रामरूप को इंसाफ दिलाने के लिए परिवार के लोगों के साथ हजारों की संख्या में पहुचे ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पिता अनोखे लाल लोधी ने सीएम, डीजीपी, डीएम और आईजी प्रयागराज के नाम प्रार्थना पत्र भेजते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज करने और सीबीआई जांच की मांग की है।

- थरियांव पुलिस द्वारा दी जा रही प्रताड़ना को लेकर बनाया था वीडियो
- 28 जनवरी को फांसी लगाकर दी थी जान, परिजनों ने किया धरना-प्रदर्शन

मृतक के पिता अनोखेलाल लोधी निवासी मानपुर थाना हुसैनगंज ने प्रार्थना पत्र में लिखकर दिया है कि थरियांव थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में कल्लू की हत्या दो माह पहले हुई थी। पुलिस खुलासे के लिए छानबीन कर रही थी। उसका बेटा रामरूप शहर में रहता था और हत्या के मामले से उसका कोई सम्बंध नहीं था। दो जनवरी को बेटा गांव आया था। इस बीच थरियांव थाने की पुलिस ने दो बार बेटे को थाने में बुलाकर मारपीट के साथ मानसिक प्रताड़ना दी। 27 जनवरी को घर से पुलिस पकड़कर ले गई।

यहां तक कि बेटी को पानी तक नही पीने दिया। थाना में जबरन हत्या का जुर्म कबूल करने के लिए मारा पीटा गया और पैसा की मांग किया गया। जुर्म कबूल न करने और पैसा न देने पर हत्या के मामले में फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने की बात कही थी। बेटे को 29 जनवरी के दिन फिर से थाना बुलाया था। 28 जनवरी की सुबह बेटे ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मारने से पहले बेटे ने पुलिस प्रताड़ना की बात कहते हुए अपना एक वीडियो बनाया था। हुसैनगंज थाना पुलिस को फोन पर बेटे के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात बताई तो पुलिस ने कहा कि अंतिम संस्कार कर दो बाद में कार्रवाई होगी।

# कोर्ट के फैसले को स्वीकार करें दोनों समुदाय

- ज्ञानवापी को लेकर क्षेत्राधिकारी ने की पीस कमेटी की बैठक
- कोतवाली परिसर में हुई बैठक में लोगों को दिये दिशा निर्देश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



शांति कमेटी की बैठक करते क्षेत्राधिकारी व क्षेत्र के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ज्ञानवापी मंदिर को लेकर प्रयागराज जिला न्यायालय द्वारा सुनाये गए फैसले से आपसी सौहार्द न खराब होने को लेकर सीओ व कोतवाली प्रभारी ने पीस कमेटी की बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान हिंदू मुस्लिम समाज के अनेकों लोग मौजूद रहे।


पुलिस क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि ज्ञानवापी मंदिर को लेकर हिंदू मुस्लिम पक्षों द्वारा दिए गए साक्ष्य के आधार पर प्रयागराज जिला न्यायालय ने फैसला सुनाया है। इस फैसले को दोनों समुदाय के लोगों को स्वीकार करना चाहिये। अगर ऐसी स्थिति में स्थानीय किसी भी एक समुदाय के व्यक्ति को यह निर्णय गलत नजर आता है तो वह ऊपरी न्यायालय में इसकी अपील कर सकता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से अपील की है कि इस दौरान किसी भी समुदाय के लोग फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम सहित किसी भी दूरसंचार या आपसी बातचीत के दौरान अपना विरोध या खुशी का प्रदर्शन न कर शांति व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास न करें। अगर उन्हें इस तरह के कार्य होने की जानकारी मिलती है तो वह सख्त कार्रवाई करेंगे।

इस मौके पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, कामेश गुप्ता, सभासद इमरान खान, सभासद नारायण यादव, सभासद ओपी सोनी, नसीम अंसारी, अलीम, शाहिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर पहुंचा इकलौते चिराग का शव, मचा कोहराम

संवाददाता, औंग

**अमृत विचार।** कानपुर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव देख कोहराम मच गया।



हिमांशु।

थाना क्षेत्र के रहसूपुर गांव निवासी हिमांशू कानपुर के सचेंडी स्थित प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। उसने थाने के पास ही किराए का कमरा ले रखा था। जिसमें उसके साथ काम करने वाला साथी भी रूम पार्टनर था। बताया कि मंगलवार को हिमांशु शाम करीब आठ बजे ड्यूटी से वापस कमरे में आ गया था और उसका दोस्त नाइट ड्यूटी करने चला गया था। सुबह जब वापस आया तो अन्दर से दरवाजा बन्द था। साथी ने पुलिस और उसके पिता को सूचना दी थी, जब पिता रामसिंह यादव रूम पहुंचा तो शव नीचे रखा हुआ था। पुलिस ने मृतक के पिता को बताया कि हिमांशु ने फांसी लगाकर जान दे दी है। गुरूवार को शव घर लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त होने पर बैंक परिसर में हुआ विदाई समारोह। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**फतेहपुर।** बैंक आफ बड़ौदा मुख्य शाखा के अधिकारी रहे राजू आर्या अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये। सेवानिवृत्त होने पर बैंक परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित हुआ। साथियों ने उनको फूल-मालाओं से लादकर एवं उपहार भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि के रूप में शाखा प्रबंधक अंशुमान कुमार रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी राजू आर्या उपहार भेंट किया। शाखा प्रबंधक ने उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर विनोद कुमार, अनिल कुमार, शुभम वर्मा, पूजा ज्योति, राज किशोर, ललित मोहन पांडेय, निकिता बाजपेई आदि बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### 29 वें जन्मदिन पर पुनीत ने पौधा किया रोपित

**सुमेरपुर( हमीरपुर)।** कस्बे में पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में 29वें जन्मदिन पर पुनीत गुप्ता ने सीता अशोक का पौधा आरोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया। कस्बे को हरा भरा बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण समिति निरंतर प्रयासरत है। समिति जन्मदिन, सालगिरह शादी वर्षगांठ सहित पुण्य अवसरों पर पौधरोपित कर लोगों को इनको संरक्षित करने का संकल्प दिलाती है। गुरुवार को कस्बा निवासी पुनीत गुप्ता उर्फ मोनू ने अपने 29 वें जन्मदिन पर सीता अशोक का पौधरोपित कर इसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीन मैन, राखी शिवहरे, रमा ओमर, सिद्दीकी मंसूरी, प्रिया शिवहरे, साधना सिंह, मीना सिंह, ऊषा गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता,देवीदीन अविनाशी, भाजपा नेता रामदेव सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, उर्मिला सिंह, दया सिंह, प्रदीप शिवहरे, काव्या गुप्ता,अजीत गुप्ता , भूमि गुप्ता, सोमी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा के गांव चलो अभियान की मंडल कार्यशाला की बैठक हुई संपन्न

**कुरारा( हमीरपुर)।** स्थानीय विकासखंड के क्षेत्र पंचायत सभागार में भाजपा की ' 'गांव चलो अभियान' ' की मंडल कार्यशाला की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने कहां की भारतीय जनता पार्टी के जिले की टीम व मंडल की टीम प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक हर ग्राम पंचायत में धार्मिक स्थलों में साफ सफाई की जाएगी। साथ ही बैठक कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं दूसरे दलों के लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का समापन नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता, हर नारायण सिंह, ज्ञानवेंद्र कुशवाहा, प्रेम नारायण प्रेमी, कामता कुशवाहा, मोहर सिंह, अवधेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**प्रतिक्रिया** आयकर में सात लाख रुपये तक की छूट सराहनीय, किसानों को मायूसी

# अंतरिम बजट से आमजन में कहीं खुशी तो कहीं निराशा छाई




शहर की एक दुकान में टीवी में बजट देखते नागरिक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गुरूवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 का बजट पेश किया। केंद्र सरकार ने इस बजट को आम लोगों का बजट बताया है। जिले में बजट को लेकर कहीं खुशी रही तो कहीं मायूसी नजर आई। आयकर में सात लाख रुपये की छूट को सराहा गया लेकिन किसान समेत अन्य कई वर्ग को बजट में कोई खास स्थान न मिलने से मायूस भी रहे। लोकसभा चुनाव के पहले बजट को लेकर लोगों में आस थी लेकिन गुरुवार को पेश हुए बजट में लोगों को निराशा हाथ लगी। बजट में आवास योजना में बढ़ोत्तरी किए जाने से गरीबों के चेहरों में मुस्कान देखने को मिली। बजट जारी होने के बाद विभिन्न वर्ग के लोगों से बात की गई तो मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। प्रस्तुत है बातचीत पर आधारित एक संक्षिप्त रिपोर्ट..

### नौकरी करने वालों को क्या मिला



अंतरिम बजट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया। टैक्स स्लैब और रेट्स को मौजूदा स्तर पर बनाये रखा। सरकार ने टैक्स पालिसी जारी रखने का फैसला किया है। चुनाव से पहले उम्मींदे बहुत ज्यादा थीं।
**-कमल किशोर-कर्मचारी**



कर्मचारी काफी लंबे समय से फिटमेंट फैक्टर बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। कई बार एसोशिएशन इसे बढ़ाने की डिमांड सरकार के आगे रख चुकी है। सरकार फिटमेंट बढ़ाती तो न्यूनतम सैलरी बढ़कर 26 हजार हो जाती। **-हेमंत कुमार-शिक्षक**



आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिका मानदेय में वृद्धि और पेंशन ग्रेच्युटी में वृद्धि की मांग करते आ रहे हैं लेकिन बजट में बढ़ोत्तरी नहीं की गई। सिर्फ आयुष्मान कार्ड जारी करके आंसू पोछने भर का काम किया गया।
**-सुमन देवी- आगनवाड़ी कार्यकत्री**



लगातार मंहगाई बढ़ती जा रही है। लेकिन उनके मानदेय में वृद्धि नहीं की गई, जबकि मानदेय भी बढ़ाया जाना चाहिए था। कर्मचारियों को आयुष्मान योजना का लाभ देना सरकार का सराहनीय कदम है।
**-ऊषा देवी, आंगनबाड़ी सहायिका**



सम्मान निधि काफी नहीं है, बीज, कीटनाशक, बिजली आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। किसानी बेहद महंगा काम हो गया है, मेहनत के बराबर वसूली नहीं होती है। **-मुन्ना, किसान**



सामग्री के दाम क्षमता से बाहर हो गये हैं। लाभ के बजाये नुकसान हो रहा है। कुछ ऐसा किया जाये कि लोग किसानी छोड़ने पर मजबूर न हों।
**-धनराज सिंह, किसान**



छूटे पात्रों को आवास दिये जाने की घोषणा सराहनीय है, इससे गरीब आवासहीन लोगों को उनका मकान मिल जायेगा। इस योजना से गरीबों को लाभ मिल सकेगा। **-सोनू पटेल**



पीएम मोदी बचे पात्रों को आवास देकर बहुत बड़ा काम करेंगे। अब हम लोग अपना घर बनवाकर आसानी से पक्के मकान में रह पायेंगे।
**-बदमिया देवी**

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

## संपादकीय

# समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

# सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

## प्रसंगवश

# सामाजिक न्याय के पुरोधा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

# समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

## सोशल फोरम

# निगल ली गई दिमाग की खुराक



हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

# रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता




बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भवः। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

# कैसा होगा आने वाला रामराज्य



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।



# अयोध्या के पांच स्टेशन संवरेंगे पहुंचेंगे हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालु

## यूपी को मिला 19575 करोड़, रेल नेटवर्क होगा अपग्रेड

अंतरिम बजट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को देखते हुए रेलवे अपना नेटवर्क मजबूत करेगा। अयोध्या को जोड़ने के वाले नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, पांच स्टेशनों का पुनर्विकास कर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाएगा। मंत्रालय को हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने व नेटवर्क के अपग्रेडेशन के लिए अंतरिम बजट में रेल मंत्रालय को यूपी में विकास कार्य के लिए 19575 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतरिम बजट पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश और अयोध्या के विकास को लेकर जानकारी दी।



**अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों पर बढ़ेंगी सुविधाएं**

रेल मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि अयोध्या में अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। देश के चारों ओर से अयोध्या को गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ रेल नेटवर्क जोड़ते हैं। लखनऊ-अयोध्या और वाराणसी-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग और विद्युतीकरण हो गया है। इससे ट्रेनों की क्षमता और गति दोनों ही बढ़ेगी। अब गोरखपुर और प्रयागराज से अयोध्या आने वाले सेक्शन को अपग्रेड करने के लिए भी डीपीआर तैयार हो रहा है।

**रामघाट स्टेशन का होगा विकासः** अयोध्या से मनकापुर की तरफ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे का रामघाट स्टेशन भी विकसित होगा। डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि रामघाट स्टेशन पर यात्रियों के लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। मनकापुर-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग की सर्वे रिपोर्ट चली गई है।

### 1700 प्रतिशत ज्यादा बजट

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अयोध्या सहित उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 से पहले रेलवे के पिछड़ेपन के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश को रिकार्ड बजट का आवंटन हुआ है। इस बार 2.52 लाख करोड़ रुपए का बजट रेलवे को मिला है। इसमें से उत्तर प्रदेश को वर्ष 2024-25 के लिए 19575 करोड़ रुपए मिला है। यह 1700 प्रतिशत अधिक है। यूपी को रेल बजट में 10 साल पहले प्रत्येक वर्ष 1109 करोड़ रुपए ही मिलते थे। उत्तर प्रदेश में हर साल 1978 किमी. नया ट्रैक बिछ रहा है। यह श्रीलंका के आकार के लगभग बराबर है। करीब 10 साल पहले 150 से 160 किमी. रेल नेटवर्क ही प्रत्येक वर्ष जुड़ता था। यूपी में रेल विद्युतीकरण 100 प्रतिशत हो गया है। इस समय यूपी में 157 अमृत स्टेशन विकसित हो रहे हैं। स्टेशन का विकास तेजी से हो रहा है। पिछले 10 साल में 1377 फ्लाई ओवर और अंडरपास उत्तर प्रदेश में बने हैं। यूपी के 143 स्टेशन पर स्थानीय प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए एक स्टेशन एक प्रोडक्ट की व्यवस्था की गई है।

### ये भाजपा की विदाई का बजटः अखिलेश




अमृत विचार, लखनऊः समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की विदाई का बजट है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि जनविरोधी बजटों का रिकार्ड फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है।

### बजट देश की जनता के साथ धोखाः प्रमोद तिवारी



अमृत विचार, लखनऊः राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी व कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने साझा तौर पर जारी बयान में कहा कि बजट देश की जनता के साथ धोखा है। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल पूरे कर लिये पर किसानों के हित में दिये गये स्वामी नाथन रिपोर्ट के सुझावों को लागू करने का बजट में जिक्र तक नहीं किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कोई जिक्र नहीं है, जिससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। महंगाई कैसे कम होगी, इसका भी कोई जिक्र अंतरिम बजट में नहीं किया गया है।

### लोक आकांक्षाओं को पूर्ति करने वाला बजटः भूपेंद्र



अमृत विचार, लखनऊः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अंतरिम बजट लोक आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला उत्कृष्ट बजट है। उन्होंने कहा कि देश के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला यह अंतरिम बजट गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समृद्धि और विकास को तीव्र गति देगा। उन्होंने कहा कि बजट 'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास और सबका-प्रयास' के मूल मंत्र को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट विकसित भारत के चार स्तंभ-युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा।

### किसानों और मध्यम वर्ग को निराशाः अजय राय



अमृत विचार, लखनऊः कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि बजट से युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि देश में 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि भेजी जा रही है, जबकि सच्चाई यह है 2 करोड़ 29 लाख किसानों का नाम काट दिया गया। बजट में उम्मीद थी कि पूरे देश को गैस सिलेंडर सस्ता मिलेगा लेकिन देश के लोगों को फिर धोखा दिया गया। महंगाई के दौर में सरकारी योजना के तहत मिलने वाली भवन निर्माण लागत को बजट में कम से कम दो गुना कर दिया जाने की उम्मीद थी, पर उसमें कोई वृद्धि नहीं की गई।

### समृद्धि को समर्पित है केंद्रीय बजटः सूर्य प्रताप शाही



अमृत विचार, लखनऊः कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अंतरिम बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों व युवाओं को सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध करने वाला है। इससे भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती देने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट समृद्धि को समर्पित है।

### महंगाई और बेरोजगारी का समाधान नहीं : अनिल दुबे



अमृत विचार, लखनऊः राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है और न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की गयी है और न ही विदेशी कर्ज को कम करने का कोई उपाय है। उन्होंने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब इण्डिया गठबंधन की सरकार किसानों, मजदूरों और नौजवानों तथा महिलाओं के हित में बजट लायेगी।

### कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनकः शैलेंद्र दुबे



अमृत विचार, लखनऊः कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनक है। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने यहां जारी बयान में यह प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बढ़ती मंहगाई को देखते हुए डायरेक्ट टैक्स की दरों में कोई बदलाव न किए जाने से नौकरीपेशा लोगों को भारी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि 80 सी और स्टैंडर्ड कटौती की सीमा में भी कोई वृद्धि नहीं की गई है जिसकी उम्मीद की जा रही थी। सबसे अधिक निराशा इस बात से हुई है कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कुछ भी नहीं कहा है।

# प्रदेश में 12 नए छात्रावासों की जगी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में कुछ विभागों की योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रस्तावित 12 नए छात्रावासों को भी पंख लग गए हैं। बजट मिलने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष में छात्रावास का निर्माण शुरू हो जाएगा। बता दें कि प्रदेश के सभी जिलों में छात्रावास का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों के छात्र-छात्राएं यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रावासों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्माण के लिए धनराशि दी जाती है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 12 नए छात्रावासों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था। विभाग को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार छात्रावास के प्रस्ताव पर मोहर लगा देगी। अंतरिम बजट में समाज कल्याण विभाग को बजट बढ़ाकर देने की बात कही गई। साथ ही छात्रावास के लिए भी बजट देने की बात हुई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में 12 नए छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

**समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रावासों के निर्माण के लिए इस बार बढ़कर आएगा बजट**

# आयुष्मान का दायरा बढ़ाने से आमजन को लाभ : ब्रजेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट (2024-25) को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आमजन की खुशहाली वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने से आमजन लाभांवित होंगे। आयकर की सीमा में कोई बदलाव न करके केंद्र सरकार ने एक करोड़ लोगों को सीधे लाभ पहुंचाया है।

उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को केन्द्र में बजट प्रस्तुत करने के बाद, बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं देश की समृद्धि व विकसित भारत के लिए समर्पित है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आमजन को समर्पित इस बजट में सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया है और अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है।



**उप मुख्यमंत्री ने बताया खुशाहाली वाला बजट सबको फायदा**

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा। योगी ने कहा कि बजट में रक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा, उद्योग, ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। यह अंतरिम बजट 'नए भारत' की समृद्धि का संकल्प है, इसमें अंत्योदय का विजन है और 140 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है।

### कर्मचारी वर्ग को कष्ट देने वाला है बजटः अफीफ



अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अफीफ सिद्दीकी ने संघीय बजट को कारपोरेट बजट कहा है। चुनावी वर्ष को देखते हुए इस बजट से कर्मचारी वर्ग वित्त मंत्री के पिटारे से अपने लिए चमत्कार की आशा कर रहा था। 3 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में हुई रैली से कर्मचारियों ने नेशनल पेंशन के स्थान पर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना की मांग, सरकारी विभाग में रिक्त पदों को भरना, आउटसोर्सिंग स्टाफ को नियमित करने सहित कोरोना काल मे रोके गए भत्तों को जारी करने की वकालत की थी। बजट में कर्मचारियों की मांगों को तरजीह न देकर कारपोरेट वर्ग के कर (22 प्रतिशत) में लगातार कमी करने के फैसले ने कामकाजी समुदाय को निराश किया है। इस कड़ी में आगामी 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल में करोड़ों कामकाजी लोग अपने मान सम्मान व सामाजिक सुरक्षा के लिए शामिल होने जा रहे हैं।

# बजट में विकसित भारत की परिकल्पना : आईआईए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के केंद्रीय कार्यालय लखनऊ, राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली एवं सभी चैप्टर मुख्यालयों में आईआईए के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण सुना।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने क्रमशः गाजियाबाद, बरेली, कानपुर एवं लखनऊ में विभिन्न उद्योगपतियों एवं विशेषज्ञों के साथ बजट का अवलोकन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अंतरिम बजट आईआईए की आशा के अनुरूप था। जो घोषणाएं वित्त मंत्री ने की है उसके अनुसार आईआईए सरकार द्वारा देश को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना का स्वागत करता है। बजट भाषण में जीडीपी की नई परिभाषा दी गई है, जिसका भी आईआईए समर्थन करता है। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान जोड़ने का भी आईआईए स्वागत करता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए नीरज सिंघल ने बताया कि एसोसिएशन अपने मिशन आईआईए 2.0 और ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टूवर्ड 4.0 के अन्तर्गत भारत को विकसित बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। महासचिव आलोक अग्रवाल ने कहा कि वित्तमंत्री ने टैक्स रिफॉर्मस के बारे में जो कहा उसका आईआईए स्वागत करता है। अंतरिम बजट होने के कारण हम टैक्स की संरचना में बदलाव की आशा नहीं रख रहे थे।



आईआईए के कार्यालय में बजट के दौरान चर्चा करते आईआईए के पदाधिकारी।

**बजट में एमएसएमई के लिए कोई प्रत्यक्ष घोषणा नहीं**

# पशुओं की नस्ल सुधार कर बढ़ाएंगे दुग्ध उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र के अंतरिम बजट से उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बल मिलेगा। इसके लिए योजनाओं के साथ बजट का प्राविधान किया गया है। राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में पशु दूध उत्पादकता कम है। इसके लिए गायों की नस्ल सुधार के साथ कृत्रिम गर्भाधान पर काम पशुपालन व दुग्ध विकास मिलकर काम करेगा। बजट की कमी नहीं रहेगी। वैसे भी प्रदेश में नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के तहत पांच योजनाएं संचालित की गई हैं। इसी क्रम में पशुपालक 2 से 25 गाय की इकाई लगाएंगे और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान से उन्नत नस्ल की दुधारू गाय साहीवाल, गिर, थारपारकर व गंगातीरी खरीदेंगे। इसके लिए ऋण व लक्ष्य बढ़ाया गया है। इन गायों की दुग्ध देने की क्षमता अधिक है। गांवों से दूध खरीदने के लिए भी विभाग मिलकर एक ढांचा तैयार करेंगे।

**दूध उत्पादन में प्रथम, लेकिन पशु कमः** देश में उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में तो प्रथम है लेकिन, प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता अन्य राज्यों से कम है। कारण गायों की खराब नस्ल, उनमें रोग, सड़क पर छोड़ना आदि हैं। विभागीय रिपोर्ट पर गौर करें तो प्रदेश में देशी गायों की दूध उत्पादकता प्रति पशु 3.6 किग्रा प्रतिदिन है। जबकि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि में कई गुना अधिक है। इसी तरह भैंस की दुग्ध उत्पादकता क्षमता प्रति पशु 5.2 किग्रा है। जबकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र में 29.3 प्रतिशत पशुपालन का योगदान है। इन्हीं कमियों को दूर कर योजनाओं पर काम हो रहा है।



बजट में पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन पर भी जोर दिया गया है। सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। बजट से इस दिशा में काफी बदलाव आएगा जो पशुपालकों को समृद्ध करेंगे।

– डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, अपर निदेशक, पशुपालन निदेशालय

## वर्ग पहेली-330

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार; सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 |
| | | | | | |
| | | 3 | | 4 | |
| | 5 | | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | | |
| | 7 | | | | |

### वर्ग पहेली - 329 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | | | 3 टो |
| | रं | | 4 भू | | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | | |
| | | | वा | | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | | खे |
| | | | | | बा |
| | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-सप्तमी 16.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग

श. 11, रा. 12, बु. सू. 10, शु. मं. 9, 8, गु. 1, 7 चं., 4, के. 6, 2, 3, 5

**मुहूर्त**-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.03-09.47, 12.42-13.26 तक।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05.57 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** - आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**वृष** - आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

**मिथुन** - आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

**कर्क** - आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

**सिंह** - आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**कन्या** - आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

**तुला** - आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक** - आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु** - आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

**मकर** - आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** - आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

**मीन** - आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
एक द पॉवर ऑफ वन - सुबह : 11.15
जख्मी सिपाही - रात : 07.00

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल - सुबह : 10.22
हिंदी मीडियम - रात : 09.40

SONY PIX
हेलबॉय - सुबह :10.17
जुमांजी - रात : 07.00

ZEE CINEMA
इंटरनेशनल खिलाड़ी - सुबह : 10.30
इंडिया लॉकडाउन - रात : 07.30

colors CINEPLEX
दुनिया - दोपहर : 12.02
गोलमाल 3 - रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह ... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6850-6950 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 9100-11000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 7000-8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

# अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

**अंतरिम बजट पर विश्लेषण**



डॉ. विकास
प्रधान, अर्थशास्त्री

**भा**रतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है। सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है। सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी। इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है।

**निष्कर्ष :** अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन-चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।

वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋृण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्ध करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।

**(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)**

# बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

## उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

### यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।

बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।

आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

# कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत : चौहान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

### आईएमडी ने 199 जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद करने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है।

इन इकाइयों से किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी। आईएमडी की ओर से 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

# वर्ष 2024-25 में विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

### सरकार 25,000 रुपये तक की विवादित कर मांग वापस लेगी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर मामले में पुराने विवादित कर मांग मामलों से लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 तक 10,000 रुपये तक के विवादित कर मांग से लोगों को राहत दी जाएगी। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि विवादित कर मांग को वापस लेने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान करदाताओं के लिए सेवाओं में सुधार पर है।

# भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।



## एक नजर

### लापता युवक का क्षत विक्षत शव बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। आशंका है कि शव पिछले साल मई में लापता हुए 19 वर्षीय युवक का है। पुलिस ने यह जानकारी दी। काकचिंग जिले के सुगनू के नगनगोम नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे और उन्हें मृत मान लिया गया था। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू की गई। वीडियो में संदिग्ध उग्रवादी उसका सिर धड़ से अलग करते हुए दिख रहे हैं।

### धोखाधड़ी करने में दो के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** पुलिस ने ऑप्टिकल फाइबर केबल से संबंधित सौदे में महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर के 61 वर्षीय एक कारोबारी से 4.41 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऑप्टिकल फाइबर केबल का कारोबार करने वाले खारघर इलाके के निवासी ने आरोपियों से सामान लेने के लिए उनके साथ एक सौदा किया था। सीबीडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कारोबारी ने बीते वर्ष जनवरी में आरोपी के खाते में कुल 4,41,64,000 रुपये का भुगतान किया लेकिन केबल की आपूर्ति नहीं की गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर नागपुर के दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने किया संबोधित

# परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही भारतीय सेना

पुणे, एजेंसी



सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसने अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। जनरल पांडे ने महाराष्ट्र के पुणे में 'बॉम्बे सैपर्स वॉर मेमोरियल सैंटिनरी' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सेना की रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनरल पांडे ने कहा कि बॉम्बे सैपर्स का इतिहास शौर्य, बलिदान और साहस से भरा है। इसने युद्ध के मैदान में, शांतिकाल में, खेल में और कई अन्य क्षेत्रों में अपनी कार्य कुशलता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के माध्यम से नाम कमाया है।

उन्होंने कहा-राष्ट्र निर्माण कार्यों में बॉम्बे सैपर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है और मुझे विश्वास है कि यह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा और भारतीय सेना का नाम ऊंचा रखेगा।

### अग्निपथ योजना प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अग्निपथ योजना मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अहम कदम है। जनरल पांड़े ने कहा-हमारी रेजीमेंट और अन्य यूनिट में अग्निवीरों का एकीकरण एक अहम मुद्दा है और इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनका चयन निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भरोसेमंद स्वाचालितम प्रणाली के जरिए किए जाता है।

जनरल पांडे ने कहा-भारतीय सेना परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही है और इसके लिए इसने पिछले वर्ष व्यापक रूपरेखा तैयार की है। इस बदलाव का मकसद अभियानगत तैयारियों को और मजबूत करना साथ ही हमारी कार्य संबंधी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। हमने बदलाव की राह में अच्छी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के तहत भारतीय सेना का जोर 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश करना है। जनरल पांडे ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में ये प्रयास पेशेवर तथा अभियानगत तैयारियां बढ़ाएंगे और हम युद्ध की चुनौतियों का सामने करने के लिए भली भांति तैयार होंगे।

### दिल्ली में दुश्मनी के चलते एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में एक पार्क के पास चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जबकि एक अन्य को बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार देर रात हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-देर रात एक बजकर 37 मिनट पर हमारे पास अस्पताल से फोन आया कि जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के सामने डीडीए पार्क के पास दो लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद घटनास्थल पर तुरंत पुलिसकर्मियों का एक दल भेजा गया। बताया कि दोनों घायलों मयंक चौधरी (19) और लव कुश (24) को अस्पताल ले जाया गया है। जहां मयंक की मौत हो गई।

# न्यायालय ने ओडिशा के भाजपा विधायक को गिरफ्तारी से दी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला पुलिसकर्मी से मारपीट का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए उससे मारपीट करने के मामले में ओडिशा के नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता जयनारायण मिश्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने ओडिशा सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब की अपेक्षा की जाती है। इस दौरान याचिकाकर्ता को उपरोक्त मामले के संबंध में गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। मिश्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक हैं और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। उन्होंने पिछले लगभग एक साल के दौरान अपने सामान्य कर्तव्यों का पालन किया है और पिछले साल 15 फरवरी की घटना के सिलसिले में पुलिस को कभी भी उन्हें समन करने का कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उड़ीसा उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रकृति और उपलब्ध वीडियोग्राफी साक्ष्य पर गौर करते हुए उनकी अग्रिम जमानत पर विचार करना चाहिए था क्योंकि हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं थी।

# विपक्षी नेताओं को जिम्मेदार ठहराने की रची गई साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **संसद की सुरक्षा चूक मामले में जयराम रमेश ने लगाया आरोप**



कांग्रेस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले के आरोपियों द्वारा अदालत के समक्ष किए गए दावे का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं को इस मामले में जिम्मेदार ठहराने की साजिश की जा रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सिम्हा की मदद से आरोपियों को संसद का पास मिला, लेकिन सिम्हा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार किये गये छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को एक अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए कथित तौर पर प्रताड़ित कर रही है। पांच आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, अपने अपराध को छुपाने के लिए विपक्ष पर झूठे आरोप लगवाना ही अहंकाराचार्य' का तरीका है! ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करके विपक्षी नेताओं को जेल में डालने वाली मोदी सरकार अब एक और साज़िश रच रही है।

### मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ आप करेगी विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली के खिलाफ दो फरवरी को आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो संदेश साझा किया।

# 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू

मुंबई, एजेंसी

**न्यायाधीश के खिलाफ मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने का मामला**



बंबई उच्च न्यायालय ने एक न्यायाधीश पर आक्षेप लगाने संबंधी एक मनगढ़ंत खबर प्रस्तुत करने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 3 वकीलों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अदालत के मुताबिक ऐसे कृत्य अदालत की गरिमा को कम करते हैं।

न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने 29 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि इस तरह के जानबूझकर, प्रेरित और अवमाननापूर्ण कृत्य न्याय प्रशासन को कमजोर करते हैं और इससे अदालत की गरिमा कम होती है। पीठ ने कहा कि धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार अमर मूलचंदानी की याचिका पर भीष्म पहुजा (एक वकील भी) ने अपने वकीलों जोहेब मर्चेंट और मीनल चंदनानी के माध्यम से एक अर्जी दी थी। मूलचंदानी ने अपनी याचिका में मामले को रद करने का अनुरोध किया था। आवेदन में वकीलों ने एक कथित समाचार क्लिपिंग को आधार बनाया जिसमें दावा किया गया था कि मामले की सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के मूलचंदानी के साथ अच्छे संबंध थे और इसलिए मामला रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था।

# आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

## अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत




**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

### भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

**टीमें**

**भारत :** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

**नेपाल :** देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

# इंग्लैंड लॉयन्स ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

**मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए**

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा।

तीन मैच की शृंखला में 1-0 से आगे चल रही अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मैच की पहली ही गेंद पर कप्तान का विकेट गंवा दिया जो पोट्स की गेंद पर पगबाधा हुए। पोट्स ने दूसरे सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (07) को भी पगबाधा करके भारत ए का स्कोर 7 ओवर के भीतर दो विकेट पर 19 रन किया।

पोट्स ने तिलक वर्मा (22) और रिंकू सिंह (00) को भी पवेलियन भेजा। भारत ए की ओर से पदार्पण शृंखला खेल रहे रिंकू लगातार दूसरी पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे। देवदत्त पडिक्कल (65) ही मेजबान टीम की ओर से टिककर बल्लेबाजी कर पाए। भारत ए ने पिछला मैच पारी और 16 रन से जीता था और अब उसके सामने इस मुकाबले में वापसी करने की कड़ी चुनौती है।

# बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

## रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।



नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। • एजेंसी

### कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव



जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

### 3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने शृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

### अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें



दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने और रनों पर रोक लगाने के नए तरीके तलाशने होंगे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि यह जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। उन्होंने कहा कि हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। अगले मैच में हम रणनीति पर बेहतर अमल करेंगे।

### इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका



इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

## पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी



**कोलकाता एजेंसी।** चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉर्थैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

## खेल डायरी

### युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

**गैंगनेउंग।** आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

### अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर



**पटाया।** भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

### मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

### घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को



**नई दिल्ली।** ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

# त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

**थाईलैंड मास्टर्स**

**बैंकॉक, एजेंसी**

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए।

महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। मालविका बंसोड़ को प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के बुसानन ओंगबैमरुंगफान से हार गईं।

## आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

**कोलंबो, एजेंसी।** निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी। फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

# चेन्नई ओपन में टीम की अगुवाई करेंगे नागल

**एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा**



**चेन्नई, एजेंसी**

सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सुमित ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुलब्लिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे। टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल इस दफा हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं।

युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

### टूर्नामेंट विश्व मंच पर अच्छे प्रदर्शन के लिए फायदेमंद

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी और तमिलनाडु टेनिस संघ के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा कि एटीपी चैलेंजर जैसे अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करना सबूत है कि ये भारतीय खिलाड़ियों को विश्व मंच पर शानदार प्रदर्शन करने के लिए फायदेमंद हैं। उन्होंने रोहन बोपन्ना को आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने और एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए बधाई दी। कहा कि यह रोहन के शानदार उपलब्धि है और 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब मिलना और ज्यादा शानदार है।

# बॉलीवुड हलचल

## फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी



अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

### अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

## कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

### 2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

## द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज




सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

### सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास



टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

**मुंबई, एजेंसी**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।



पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामलाः जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

## 47 लाख करोड़ के मालिक इब्राहिम बने मलयेशिया के सुल्तान

**कुआलालंपुर।** मलयेशिया में जोहोर राज्य के इब्राहिम इस्कंदर देश के नए सुल्तान बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को देश के 17वें सुल्तान के रूप में शपथ ली। वह अगले पांच वर्षों तक देश के सुल्तान बने रहेंगे। बता दें कि ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद साल 1957 से ही मलयेशिया में हर पांच वर्षों में सुल्तान का चयन होता है।

बता दें कि सुल्तान इस्कंदर शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके बड़े बेटे मलयेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास कुल 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास 300 लग्जरी कारें भी हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, सुल्तान के पास उनकी एक प्राइवेट आर्मी भी है और बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं।

# मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

- नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।



मंगल ग्रह की तस्वीर।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

### दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

## एक नजर

### मैक्सिकोः बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

**मैक्सिको सिटी।** करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है। प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।



### अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

### कनाडाः गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

**टोरंटो।** कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

## इजराइल का दावाः गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

# जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

### 24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है।



गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

## 3 को नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमाडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

# संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमारः रणधीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने मालदीव के साथ भारत के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की।

भारत और चीन के रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय चरवाहों और चीन के सैनिकों- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भिड़ंत वाली वीडियो से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ऐसा एक वीडियो देखा है। संबंधित एजेंसियां ही इसका जवाब दे सकेंगी... दोनों देशों के लोग अपने चारागाह क्षेत्रों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे पास ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र भी है।



- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर व्यक्त की चिंता

बता दें कि, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी-ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.072 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मौजूदा करेंसी एक्सचेंज के हिसाब से 25,200 करोड़ रुपये) का है। गौरतलब है कि फ्रांस के साथ हुई राफेल लड़ाकू विमान की डील की ही तरह अब भारत और अमेरिका के बीच प्रीडेटर ड्रोन का सौदा, सवालों के घेरे में आ गया है।

## मालदीवः महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**माले, एजेंसी।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।



**यातायात बाधित...**



**बनिहाल/जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके आज शाम तक खुलने की संभावना है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी हुई हैं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई। इसके चलते ही हाईवे पर 200 से गाड़ियां ज्यादा फंसी हुई हैं। ● एजेंसी

# इमरान के पार्टी दफ्तर पर छापेमारी पुलिस ने आरोपों से किया इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके दफ्तरों में छापेमारी की। गुरुवार को साधारण कपड़े पहनकर पहुंची पुलिस ने सदस्य को परिसर में घुसने से रोक दिया।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई जाने के एक दिन बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की एक आम सभा से पहले अचानक साधारण कपड़ों में पुलिस बल पहुंचा। हालांकि पीटीआई ने ऑनलाइन सभाओं को आयोजित किया है। साथ ही कहा कि पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का भी फैसला लिया है। बता दें इमरान की पार्टी को आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, पुलिस ने आरोपों से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती है। बुधवार को कोई भी ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा- आरोप निराधार है।



- पीटीआई ने कहा साधारण कपड़े में पहुंची पुलिस, पार्टी सदस्यों को कार्यालय में घुसने से रोका

## 87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

**न्यूयॉर्क।** 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

**अरब देश में मंदिर** | मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

# सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

**अबू धाबी, एजेंसी**

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।



हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दशांति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखरः मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

### हिंदू मंदिर सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

**कराची।** पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

# पाकिस्तानः टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

- निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा

